जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 वर्षः 49 संख्याः 184 प्रभात कोटा, गुरुवार 18 अप्रेल, 2024 कोटा/24/2012-14 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## 19 अप्रैल को 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा

### इस दिन 21 राज्यों व केन्द्र शासित क्षेत्रों में 12 लाख मतदान केन्द्रों पर मतदाता अपने वोटिंग के अधिकार का उपयोग कर सकेंगे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अप्रैल। सात चरणों वाले लोकसभा चुनाव के 19 अप्रैल को हो रहे प्रथम चरण की वोटिंग को लेकर तैयारियां पूर्ण है। देश के 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान है। बिहार, उत्तर प्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, जम्मू एवं कश्मीर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और पश्चिम बंगाल और केन्द्र शासित प्रदेशों के 1.2 मिलीयन मतदान केन्द्रों पर वोट डाल जाएंगे। लोकसभा की 543 सीटों पर लगभग 97 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे।

- भाजपा की ओर से नितिन गडकरी, कनीमोई, नकुलनाथ, जतिन प्रसाद, कोयंबटूर से भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई, निशित प्रमाणिक आदि 19 को अपना भाग्य ई.वी.एम. पर आजमायेंगे।
- तमिलनाडू की 39 सीटों व यू.पी. की अस्सी सीटों में से आठ सीटों पर भी मतदान होगा।
- यू.पी. की ये आठ सीटें हैं, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत।
- ये सभी सीटें वैस्टर्न यू.पी. में हैं।
- इस बार के लोकसभा चुनाव में 97 करोड़ मतदाता वोट देंगे।

राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों में से 12 सीटों पर प्रथम चरण में वोट डाले जायेंगे, मतदान वाली ये सीटें- गंगानगर, चूरू, बीकानेर, झुंझुनूं, सीकर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर है। इन उक्त सीटों में से, चूरू लोकसभा सीट पर रोचक मुकाबला होने की संभावना है क्योंकि कांग्रेस ने इस सीट पर वर्तमान सांसद व भाजपा के पूर्व नेता राहुल कसवां को चुनावी मैदान में उतारा है, इनकी टक्कर भाजपा के उम्मीदवार, भारतीय पैरालंपिक भाला फेंक खिलाड़ी देवेन्द्र झांझड़िया से है। इसी तरह का एक चुनावी मुकाबला नागौर में भाजपा के खिलाफ इंडिया गठबंधन का सामने आया है, जहां पर पूर्व कांग्रेसी सांसद व भाजपा उम्मीदवार ज्योति मिर्धा वर्तमान सांसद व इंडिया ब्लॉक गठबंधन के हनुमान बेनीवाल के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं।

2019 के चुनावों में हुए सूपड़ा साफ को रोकने के उद्देश्य से, ज्ञातव्य है कि पिछले चुनावों में भाजपा ने राजस्थान की सभी पर एकतरफा विजय हासिल की थी, अतः इस बार कांग्रेस ने हनुमान बेनीवाल की पार्टी आर.एल.पी. से राजकुमार रोत की भारत आदिवासी पार्टी तथा लेफ्ट पार्टी से चुनाव पूर्व ही गठबंधन कर लिया है। प्रथम चरण में कई दिग्गज नेता प्रत्याशियों का भाग्य ई.वी.एम. में बंद हो जाएगा। इनमें खास नेता, भाजपा के नेता नितिन गडकरी जो नागपुर से चुनाव लड़ रहे हैं, कोयंबटूर से उम्मीदवार के. अन्नामलाई, जितिन प्रसाद पीलीभीत से, कूच बिहार से निसिथ प्रमाणिक तथा चेन्नई दक्षिण सीट से तमिलसाई सौंदरराजन हैं।

कनिमोई करूणानिधि (डी.एम.के.) से व छिन्दवाड़ा सीट से कांग्रेसी उम्मीदवार नकुल नाथ का भाग्य भी 19 अप्रैल की ई.वी.एम. में बंद हो जाएगा।

प्रथम चरण में तमिलनाडू की समस्त 39 लोकसभा सीटों के लिए वोट डाले जाएंगे। भाजपा दक्षिण के राज्यों में अब तक अपना खाता नहीं खोल पाई है हालांकि, इस बार उसे आशा है कि वह कोयंबटूर सीट को जीतने में कामयाब होगी, क्योंकि इस सीट से पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष व पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी के. अन्नामलाई को चुनावी मैदान में उम्मीदवार बनाया है।

उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संयुक्त अरब अमीरात में 75 वर्षों में सबसे अधिक बारिश हुई

दुबई, 17 अप्रैल (वार्ता) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार को 75 वर्षों में एक दिन में सबसे अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई। मूसलाधार बारिश के कारण व्यापक बाढ़, यात्रा में व्यवधान और क्षित हुई। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनसीएम) के अनुसार 1949 में रिकॉर्ड तोड़ बारिश के बाद 75 वर्षों में यह सबसे अधिक बारिश हुई है। अल ऐन में 24 घंटों के भीतर 254 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो लगभग दो साल की औसत वर्षा के बराबर है। मौसम केन्द्र ने कहा कि यह जलवायु डेटा रिकॉर्ड करने की शुरुआत के बाद से यूएई के जलवायु इतिहास में एक असाधारण घटना थी। दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने घोषणा की कि कल शाम मौसम की स्थिति में सुधार होने तक आने वाली उड़ानों का मार्ग में परिवर्तन किये गए हैं। हालाकि विमानों के प्रस्थान का परिचालन चालू रहेगा। खराब मौसम को देखते हुए पूरे यूएई में स्कूल बंद कर दिये गये और बुधवार को भी स्कूल बंद रहने की उम्मीद है।

दुबई प्रशासन ने भी अपने कर्मचारियों के लिए दूरस्थ कार्य समय को बुधवार तक बढ़ा दिया। यूएई में मूसलाधार बारिश होने से बेहद खराब मौसम के कारण अल ऐन में होने वाला एशियाई चैंपियंस लीग फुटबॉल सेमीफाइनल मैच को रद्द कर दिया है, जो यूएई और सऊदी अरब के बीच होना था।




## भाजपा के खिलाफ राजपूतों का विद्रोह

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। राजपूत समुदाय ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ कम से कम तीन राज्यों में विद्रोह कर दिया है।

उत्तर प्रदेश और राजस्थान गुजरात का सौराष्ट्र क्षेत्र, जहाँ राजपूतों की पहचान क्षत्रिय के रूप में है। यह समुदाय केन्द्रीय मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला द्वारा भरे गए नामांकन को वापिस लिए जाने की मांग कर रहा है। उत्तर प्रदेश के मुज़फ्फरनगर जिले के एक गांव में मंगलवार को आयोजित राजपूतों की एक महापंचायत हुई है, जिसमें स्पष्ट है कि भाजपा इस क्षेत्र में मुश्किल स्थिति का सामना कर सकती है। प्रभावशाली राजपूत समुदाय के "गर्व" एवं "सम्मान" का अचानक से किया गया यह प्रदर्शन वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के पहले चरण के

- पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान व सौराष्ट्र के राजपूतों ने भाजपा के खिलाफ यू.पी. के मुजफ्फरनगर जिले के एक गांव में एक महापंचायत का आयोजन किया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## दो बार लगातार 25-0 से हारने के बाद कांग्रेस के लिये हैट ट्रिक रोकना बहुत जरूरी

### कांग्रेस बाड़मेर, दौसा, चूरू, झुंझुनूं की सीटों पर पॉज़िटिव रिज़ल्ट की आशा कर रही है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। राजस्थान के गत दो लोकसभा चुनावों (2014 और 2019) में कांग्रेस की करारी हार हुई थी, जिनमें पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली थी, पर 2024 के लोकसभा चुनाव का माहौल कांग्रेस के पक्ष में बदलता हुआ लग रहा है। बाड़मेर, दौसा, चूरू और झुंझुनूं में कांग्रेस अच्छा कर रही है, वहां उम्मीद है कि भाजपा हार जाएगी।

इसके अलावा जयपुर ग्रामीण, भरतपुर, कोटा और टोंक में भी कांग्रेस अच्छी टक्कर दे रही है और इनमें से कुछ सीटें भाजपा से छीन भी सकती है। इस बार कांग्रेस को कुछ सीटें जीतने की उम्मीद है।

सूत्रों का कहना है कि इन क्षेत्रों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि का असर कम हो रहा है। दस साल के शासन के खिलाफ बनी सरकार विरोधी लहर का असर नरेन्द्र मोदी की छवि पर पड़ रहा है। इसी के साथ राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में सचिन पायलट के धूआंधार प्रचार ने पार्टी को खोया जनाधार पुनः पाने में भारी मदद की है। अशोक गहलोत का पूरा फोकस तो अपने बेटे के चुनाव प्रचार पर है जो जालोर-सिरोही से चुनाव लड़ रहे

- कांग्रेस का खुद का आकलन यह भी है कि, जयपुर रूरल, भरतपुर, कोटा तथा टोंक, सवाईमाधोपुर में भी कांटे की टक्कर दे सकती है।
- कांग्रेस का मानना है कि, 10 साल के शासन के बाद, मोदी "एन्टी इन्कम्बैंसी" का शिकार होंगे तथा सचिन पायलट का आक्रामक (अग्रैसिव) प्रचार भी कुछ अच्छे नतीजे की आशा जगाता है। हालांकि यह भी सच है कि, पूर्व मु.मंत्री का फोकस अपने बेटे की सीट पर ही है तथा अन्य सीटों को वो नज़रअंदाज़ कर रहे हैं।
- गहलोत के चुनाव प्रबंधन व प्रचार के कारण ही, उनके पुत्र का चुनाव प्रचार कुछ जीवित सा है, अगर वैभव गहलोत पर ही चुनाव प्रचार की जिम्मेवारी होती तो, शायद चुनाव प्रचार जमने से पहले ही उखड़ जाता।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## लोकसभा की 102 सीटों, सिक्किम विस चुनाव के लिये प्रचार थमा

नयी दिल्ली, 17 अप्रैल (वार्ता) लोकसभा और चार राज्य विधानसभाओं के चुनाव में लोकसभा की 102 सीटों और सिक्किम विधानसभा की सभी 32 सीटों के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिये प्रचार अभियान बुधवार शाम पांच बजे थम गया। कुल सात चरणों में कराये जा रहे इन चुनावों में लोकसभा की 543 सीटों के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा और आंध्रप्रदेश विधानसभाओं के चुनाव कराये जा रहे हैं। पहले चरण में इक्कीस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में लोकसभा की 102 सीटों के लिये हो रहे चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिये चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। आज शाम सार्वजनिक रूप से प्रचार पर पाबंदी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें अपने पक्ष में मत डालने के लिये प्रेरित कर रहे हैं।

प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम और त्रिपुरा में जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोल्लार में चुनावी रैली को संबोधित किया।

## 'यू.सी.सी. और एन.आर.सी. को लागू नहीं होने देंगे'

### तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में घोषणा पत्र जारी किया

कोलकाता, 17 अप्रेल। पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी और विपक्षी इंडिया अलायंस की सहयोगी तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए आज (बुधवार, 17 अप्रैल) अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है। ममता बनर्जी की अध्यक्षता वाली पार्टी ने इसमें नागरिकता संशोधन अधिनियम को रद्द करने और देश में समान नागरिक संहिता के लागू करने से रोकने का वादा किया है।

तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, "यह सब हम तब करेंगे जब टी.एम.सी., इंडिया गठबंधन के हिस्से के रूप में केंद्र में सरकार बनाएगी।" टीएमसी के घोषणा पत्र में सीएए और यूसीसी के अलावा, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत दैनिक भत्ता को बढ़ाकर 400 रुपये प्रति दिन करने का भी वादा किया है। इसके अलावा पार्टी ने सभी को पक्के मकान देने का भी वादा किया है।

इसके अलावा पार्टी ने गरीबी रेखा से नीचे रह रहे परिवारों के लिए उनके घर पर ही राशन पहुंचाने और 10 एलपीजी सिलेंडर मुफ्त उपलब्ध कराने का वादा किया है।

इसके अलावा अन्य कई कल्याणकारी योजनाओं का भी ऐलान टीएमसी ने किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित मित्रा ने इस मौके पर कहा कि उनकी पार्टी मूल्य स्थिरीकरण कोष का निर्माण कर पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने का वादा करती है। दीदी का शपथ नाम से जारी घोषणा पत्र में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य, और छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप देने और सभी युवाओं को रोजगार की गारंटी का वादा किया गया है। घोषणा पत्र में कहा गया है कि देश के सभी गरीब परिवारों को मुफ्त आवास दिया जाएगा। सभी राशन कार्ड धारियों को पांच किलो अनाज प्रति माह मुफ्त देने का वादा किया गया है।

युवाओं को लुभाते हुए घोषणा पत्र में 25 वर्ष तक के सभी स्नातकों और डिप्लोमा धारकों को मासिक वजीफे के साथ एक साल का अप्रेंटिसशिप देने का वादा किया गया है।

## तृणमूल कांग्रेस ने अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी किया

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। तृणमूल कांग्रेस ने आज अपना चुनाव घोषणा पत्र जारी किया। यह तृणमूल को एक क्षेत्रीय पार्टी के बजाए, उसकी राष्ट्रीय प्रासंगिकता साबित करने की एक विस्तृत कवायद है।

पार्टी का घोषणा पत्र न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर दिल्ली में आंदोलन कर रहे किसानों को समर्थन देने का वादा करता है। पार्टी ने सत्ता में आने की स्थिति में पैट्रोलियम पदार्थों की स्थिर कीमतों, देश में गरीबी की सीमा रेखा से नीचे के प्रत्येक परिवार को 10 निःशुल्क एल.पी.जी. गैस सिलैण्डर और सी.ए.ए. के उन्मूलन का भी वादा कर रही है।

आश्चर्य की बात यह है कि ममता बनर्जी ने एक स्थानीय टी.वी. चैनल को दिए एक साक्षात्कार में पराजय जैसी बात की। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें जेल भेज दिया जाए तो उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। इससे उन्हें बढ़त ही मिलेगी।

पार्टी की समस्या यह है कि उसने इण्डिया गठबंधन के साथ सीट शेयरिंग फॉर्मूला करने या बंगाल में सी.पी.आई. (एम.) और कांग्रेस के लिए कोई भी सीट छोड़ने से इन्कार कर दिया था। राष्ट्रीय स्तर पर तो तृणमूल कांग्रेस, इण्डिया गठबंधन से एक तरह से बाहर ही है।

तृणमूल की एक राष्ट्रीय पार्टी बनने की आकांक्षाएं बढ़ रही है, लेकिन इसके बावजूद उसने राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन का खेल खेलने से इन्कार कर दिया। तृणमूल के बंगाल से बाहर चुनाव लड़ने वाले नाम मात्र के प्रत्याशी हैं। इनमें से एक असम के सिलचर से एक और दूसरा उत्तर प्रदेश में है, वह भी अखिलेश यादव की मदद से।

ममता की राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का एकमात्र संकेत यह है कि जिस दिन तृणमूल का घोषणा पत्र जारी किया गया, वह स्वयं असम में चुनाव प्रचार कर रही थीं।

- इस घोषणा पत्र में ममता बनर्जी की राष्ट्रीय नेता बनने की महत्वकांक्षा का ज्यादा पुट नज़र आया बनिस्पत तृणमूल पार्टी के प्रदेश स्तर की पार्टी होने की सच्चाई के।
- ममता की समस्या यह है कि, वे किसी भी पार्टी से कांग्रेस या मार्क्सवादी पार्टी से कोई सीटों के बंटवारे के बारे में कोई समझौता करने को तैयार नहीं।
- इसी कारण ममता बनर्जी, इण्डिया गठबंधन से लगभग बाहर सी ही हैं।

इस बीच, इण्डिया गठबंधन की एक अन्य सहयोगी पार्टी ने पूरे देश में विवादित स्थिति पैदा कर दी है कि यदि वह सत्ता में आयी तो भारत के परमाणु अस्त्रों और सारे परमाणु संस्थानों को समाप्त कर देगी।

घोषणा पत्र के अलग घटक सी.पी.आई. (एम.) और कांग्रेस की तर्ज पर ही है, जिनसे बंगाल के लिए चुनाव घोषणा पत्र आधारभूत काम की कमी दिखाई पड़ती है।

दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.बी. आनन्द बोस ने शुक्रवार को उत्तरी बंगाल में स्वयं उपस्थित रहना प्रस्तावित किया है। चुनाव आयोग ने राज्यपाल से कहा है कि वह उत्तर बंगाल के निर्वाचन क्षेत्रों में ना जाए क्योंकि ऐसा करना आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन होगा।

## पंजाब में किसान रेलवे ट्रैक पर बैठे

### शंभू बॉर्डर पर किसानों ने पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ दी

चंडीगढ़, 17 अप्रेल। युवा किसान नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की जेल से रिहाई की मांग को लेकर पंजाब-हरियाणा के बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो पुलिस-किसानों की धक्कामुक्की हुई। किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और ट्रैक पर बैठ गए। किसानों ने अंबाला-लुधियाना रेल मार्ग बंद कर दिया है। इससे अंबाला कैंट से निकलने वाली 36 ट्रेन प्रभावित हुई हैं और 11 ट्रेन रद्द करनी पड़ी। इससे यात्रियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

किसानों के आंदोलन के चलते जम्मू तवी, वैष्णों देवी, पठानकोट, अमृतसर जाने वाली ट्रेनों के रूट डाइवर्ट किए गए हैं। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना है कि जब तक हमारे साथियों को रिहा नहीं किया जाता हम शंभू बार्डर पर डटे रहेंगे। अगर फिर भी रिहाई न हुई तो हम अन्य स्थानों पर भी ट्रेनें रोकेंगे।

- किसानों के आंदोलन के चलते जम्मू तवी, वैष्णों देवी, पठानकोट, अमृतसर जाने वाली ट्रेनों के रूट डाइवर्ट किए गए हैं। प्रदर्शनकारी किसानों का कहना है कि जब तक हमारे साथियों को रिहा नहीं किया जाता हम शंभू बार्डर पर डटे रहेंगे। अगर फिर भी रिहाई न हुई तो हम अन्य स्थानों पर भी ट्रेनें रोकेंगे।

गिरफ्तार किसानों को रिहा करने की मांग को लेकर किसानों ने शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों ने पहले नारेबाजी की फिर 12 बजे के बाद से किसान रेलवे ट्रैक पर बैठ गए। किसान हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार अपने तीन साथियों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। किसानों ने कहा कि एक हफ्ता पहले पंजाब और हरियाणा पुलिस के आलाधिकारियों से बातचीत हुई थी। हमें आश्वासन दिया गया था कि गिरफ्तार किसानों को छोड़ दिया जाएगा लेकिन अभी तक ऐसा कुछ नहीं किया गया। आज सिर्फ शंभू स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम किया गया है लेकिन अगर मांगें नहीं मानी गई, तो पंजाब में कुछ और जगह पर भी रेलवे ट्रैक जाम कर दिए जाएंगे। वहीं, शंभू ट्रैक बंद करने के बाद पटियाला पुलिस के सीनियर अधिकारी किसान नेताओं से बात करने पहुंचे लेकिन कुछ नतीजा नहीं निकला। किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने बताया कि पटियाला पुलिस प्रशासन ने समय मांगा है। किसान नेताओं ने कहा कि जब तक हमारे तीन नौजवान साथी हरियाणा पुलिस रिहा नहीं किए जाते है, तब तक किसान रेलवे ट्रैक खाली नहीं करेंगे। पटियाला पुलिस ने कहा था कि हम हरियाणा प्रशासन से बात करेंगे। तब तक आप रेलवे ट्रैक खाली कर दीजिए। 2 से 5 दिन का समय मांगा था, लेकिन किसान नेताओं ने कहा ट्रैक तभी खाली होंगे, जब हमारे नौजवान रिहा किए जाएंगे।

## खडगे-राहुल ने देशवासियों को दी रामनवमी की शुभकामनाएं

नई दिल्ली, 17 अप्रैल (वार्ता) कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रामनवमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी है।

खडगे ने कहा "सभी देशवासियों को राम नवमी के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ। आशा है ये पर्व सभी के जीवन में संयम, त्याग, मर्यादा सत्यता, सेवा व करुणा के महान आदर्शों का संचार करे और सबको सन्मति, ख़ुशहाली व समृद्धि प्रदान करे।" गांधी ने कहा "आप सभी को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं।आशा करता हूं यह शुभ पर्व आपके जीवन में खुशियां, संतोष और समृद्धि ले कर आए।"

- राहुल गांधी ने कहा "आप सभी को रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं।

## विचार बिन्दु

**कोई भी भाषा अपने साथ एक संस्कार, एक सोच, एक पहचान और प्रवृत्ति को लेकर चलती है। – भरत प्रसाद**

# बानी ऐसी बोलिये, मन का आपा खोय औरन को सीतल करै, आपहु सीतल होय

देश में चुनाव आते ही कटु वचनों की बाढ़ सी आ जाती है। कटु वचन एक ऐसे जहर के सामान है जो भले ही पिया न जाये लेकिन वह असर जहर से भी तेजी से करता है। कटु वचन मित्र को भी शत्रु बनाते देर नहीं करता। देश में चुनावों के दौरान कटुता का जैसा सियासी वातावरण बन रहा है वह निश्चय ही हमारी एकता, अखंडता, भाईचारे और सहिष्णुता पर गहरी चोट पहुँचाने वाला है। इसके लिए कौन दोषी है और कौन निर्दोष है उस पर देशवासियों को गहनता से मंथन करने की जरुरत है। जो लोग कटु वचन बोलते हैं और अपने वचनों से अन्य लोगों का मन दुखाते हैं। ऐसे लोगों के लिए रहीम दास जी ने अपने दोहे में बड़ी सीख दी है। रहीम दास जी ने कहा है, ''**बानी ऐसी बोलिये, मन का आपा खोय। औरन को सीतल करै, आपहु सीतल होय।**''

देश को अमूमन हर साल कोई न कोई चुनाव का सामना करना ही पड़ता है । जैसे ही चुनाव आते है नेताओं के बांछे खिल जाती है । गंदे और कटु बोलों से चुनावी बिसात बिछ जाती है। पिछले दो दशक से गंदे और विवादित बोल बोले जा रहे है। नेताओं के बयानों से गाहे बगाहे राजनीति की मर्यादाएं भंग होती रहती है। अमर्यादित बयानों की जैसे झड़ी लग जाती है। राजनीति में बयानबाजी का स्तर इस तरह नीचे गिरता जा रहा है उसे देखकर लगता है हमारा लोकतंत्र तार तार हो रहा है।

नेता लोग अक्सर चर्चा में रहने के लिए ऊल-जलूल और समाज में कटुता फैलाने वाले बयान देते रहते है। विशेषकर चुनावों के दौरान गंदे बोलों से चुनावी बिसात बिछ जाती है। कुछ सियासी नेताओं ने तो लगता है विवादित बयानों का ठेका ले रखा है। कई नेताओं पर विवादित बयानों पर मुक़दमे भी दर्ज हुए। कुछ को न्यायालय से सजा भी मिली। मगर इसका उनपर कोई फर्क नहीं पड़ा। विवादित बयानबाजी के कारण सुर्खियों में रहना नेताओं को शायद आनंद देने लगा है। पिछले दो दशक से गंदे और विवादित बोल बोले जा रहे है। नेताओं के बयानों से गाहे बगाहे राजनीति की मर्यादाएं भंग होती रहती है। अमर्यादित बयानों की जैसे झड़ी लग जाती है। राजनीति में बयानबाजी का स्तर इस तरह नीचे गिरता जा रहा है उसे देखकर लगता है हमारा लोकतंत्र तार तार हो रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने भी नफरत फैलाने वाले भाषण को देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को प्रभावित करने वाला गंभीर अपराध करार दिया है। अदालत ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस को निर्देश दिया कि वे स्वत: संज्ञान लेकर कार्रवाई करें। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे भाषण देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज करें, भले ही उनका धर्म कुछ भी हो। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि राज्य सरकारें नफरत भरे भाषणों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं।

लोकसभा चुनाव के चलते नेताओं के बीच विवादित बयानबाजी का दौर जारी है। जिस तरह से एक के बाद एक नेता विवादित बयान दे रहे हैं, उसकी वजह से चुनावी माहौल में सरगर्मी बढ़ गई है। विवादित बयान देने में कांग्रेस और भाजपा सहित कोई भी नेता पीछे नहीं है। कहते है राजनीति के हमाम में सब नंगे है। यहाँ तक तो ठीक है मगर यह नंगापन हमाम से निकलकर बाजार में आजाये तो फिर भगवान ही मालिक है। सियासत में विवादास्पद बयान को नेता भले अपने पॉपुलर होने का जरिया मानें, लेकिन ऐसे बयान राजनीति की स्वस्थ परंपरा के लिए ठीक नहीं होते। हमारे माननीय नेता आजकल अक्सर ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। देश के नामी-गिरामी नेता और मंत्री भी मौके-बेमौके कुछ न कुछ ऐसा बोल ही देते हैं, जिसे सुनकर कान बंद करने का जी करता है।

**चुनाव जीतने के लिए वातावरण को कटु और विषैले वचनों से जहरीला बनाया जाता है। फिर चुनाव जीतने के बाद नेता अपनी झोली भरने में लग जाते है। जितने पैसे चुनाव में लगाए है उनके पुनर्भरण की जुगत बैठाते है। गरीब की भलाई के स्थान पर अपने कुनबे को आगे बढ़ाने में लग जाते है। असल में चुनाव ही नेताओं की अग्नि परीक्षा है। जनता को खूब सोच समझ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए अन्यथा पांच साल के लिए फिर भैंस गई पानी में।**

भारत सदा सर्वदा से प्यार और मोहब्बत से आगे बढ़ा है। हमारा इतिहास इस बात का गवाह है हमने कभी असहिष्णुता को नहीं अपनाया। हमने सदा सहिष्णुता के मार्ग का अनुसरण कर देश को मजबूत बनाया। सहिष्णुता का अर्थ है सहन करना और असहिष्णुता का अर्थ है सहन न करना। सब लोग जानते हैं कि सहिष्णुता आवश्यक है और चाहते हैं कि सहिष्णुता का विकास हो। सहिष्णुता केवल उपदेश या भाषण देने मात्र से नहीं बढ़ेगी। सहिष्णुता भारतीय जनजीवन का मूलमंत्र है। मगर देखा जा रहा है कि समाज में सहिष्णुता समाप्त होती जा रही है और लोग एक दूसरे के खिलाफ विषाक्त वातावरण बना रहे है जिससे हमारी गौरवशाली परम्पराओं के नष्ट होने का खतरा मंडराने लगा है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए सहनशील होना आवश्यक है। सहनशीलता व्यक्ति को मजबूत बनाती है, जिससे वह बड़ी से बड़ी परेशानी का डटकर मुकाबला कर सकता है। अक्सर देखा जाता है हम छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा कर देते हैं, जिससे बात आगे बढ़ जाती है और अनिष्ट भी हो जाता है। ऐसी ही छोटी-छोटी बातों को मुस्कुराते हुए सुनने वाला व्यक्ति ही सहनशील है। सहनशीलता का शब्दिक अर्थ है शरीर और मन की अनुकूलता और प्रतिकूलता को सहन करना।

मानव व्यक्तित्व के विकास और उन्नयन का मुख्य आधार तत्व सहिष्णुता है। स्वयं के विरूद्ध किसी भी आलोचना को स्वीकार नहीं करना मोटे रूप में असहिष्णुता है। सहिष्णुता मनुष्य को दयालु और सहनशील बनाती है वहीं असहिष्णुता मनुष्य को अहंकारी बनाती है। अहंकार अंधकार का मार्ग है जो मनुष्य और समाज का सर्वनाश कर देती है।

आम आदमी से जुड़े मुद्दों जैसे बेहतर आधारभूत सुविधाएँ, सामाजिक न्याय, सब के लिए शिक्षा और रोजगार, भ्रष्टाचार से मुक्ति, शासन प्रशासन में पारदर्शिता इत्यादि से देश के हर नागरिक को जूझना ही पड़ता है। आम आदमी की परेशानियों से किसी को कोई मतलब नहीं है। महंगाई से आम आदमी को जूझना पड़ेगा। चुनाव मे करोड़ों अरबों की धनराशि स्वाहा हो जाती है। चुनाव लोकतंत्र की परीक्षा होती है और इस परीक्षा में राजनीतिक दलों को यह साबित करना होता है कि जनता के बीच उनकी स्वीकार्यता और लोकप्रियता कितनी है। लोकतंत्र की परीक्षा पास करने के लिए राजनीतिक दल चुनाव में जनता के बीच जाते है। अपने मुद्दे रखते है और बताते है कि चुनाव जीतने के बाद वे जनता की भलाई के लिए क्या कदम उठाएंगे। मगर वास्तविकता इससे ठीक विपरीत है। चुनाव जीतने के लिए वातावरण को कटु और विषैले वचनों से जहरीला बनाया जाता है। फिर चुनाव जीतने के बाद नेता अपनी झोली भरने में लग जाते है। जितने पैसे चुनाव में लगाए है उनके पुनर्भरण की जुगत बैठाते है। गरीब की भलाई के स्थान पर अपने कुनबे को आगे बढ़ाने में लग जाते है। असल में चुनाव ही नेताओं की अग्नि परीक्षा है। जनता को खूब सोच समझ कर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए अन्यथा पांच साल के लिए फिर भैंस गई पानी में। नेता जाति, धर्म और पैसे की राजनीति से खेलते है मगर मतदाता को इन प्रलोभनों से हट कर अपना मत डालना है। उसे उसी को चुनना है जो उसका सही मददगार है अन्यथा फिर पांच साल पछताना पड़ेगा और इसके लिए कोई दूसरा दोषी नहीं होगा।

**–अतिथि संपादक,**
**बाल मुकुन्द ओझा**
**वरिष्ठ लेखक एवं पत्रकार**

## राशिफल गुरूवार 18 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, आश्लेषा नक्षत्र प्रात: 7:57 तक, गंड योग रात्रि 12:43 तक, गर करण सांय 5:32 तक, चन्द्रमा आज प्रात: 7:57 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-कुम्भ, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज ज्वालामुखी योग प्रात: 7:57 तक है। रवियोग आज सम्पूर्ण दिन-रात रहेगा। आज नवरात्रौत्थान्पन, नवरात्र व्रत पारणा और धर्मराज दशमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:39 तक, चर 10:51 से 12:26 तक, लाभ-अमृत 12:26 से 3:37 तक, शुभ 5:13 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:04, सूर्यास्त 6:49



**मेष**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।



**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**धनु**
धार्मिक स्थान की यात्रा हो सकती है। शुभ-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**वृष**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। आज घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।



**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यक्तिगत प्रयासों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। आर्थिक मामलों में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



**तुला**
मन में असंतोष बना रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**कर्क**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ बनी रहेगी। धार्मिक स्थान की संभव है।



**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मीन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। आज विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा।

# नरेन्द्र मोदी व सिख समुदाय– एक अनूठा रिश्ता



जसबीर सिंह

गत 10 वर्षों के शासन काल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक समावेशी व एकजुट समाज के निर्माण हेतु प्रयास किये गये हैं जिससे एक विकसित व विश्वगुरू भारत के सपने को यथाशीघ्र यथार्थ में बदला जा सके। इस हेतु लालकिले की प्राचीर से 15 अगस्त 2022 में दिये गये पंच प्रणों को यथा 'अमृतकाल' में विकसित भारत, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता और एकजुटता व नागरिकों द्वारा अपने कर्त्तव्यों का पालन समाज के सभी वर्गों द्वारा पूरी तरह अपने जीवन में लागू करना आवश्यक है।

श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की सभी धार्मिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक परम्पराओं के प्रति आदर व गर्व का भाव रहा है जो उनके द्वारा कराये गये कार्यों उद्बोधनों में परिलक्षित होता है। इसी कड़ी में सिख समुदाय के प्रति भी उनका संवेदनशीलता व सम्मान का भाव रहा है जिसके दो प्रमुख कारण हैं। पहला, गुरूनानक देवजी से लेकर गुरू गोबिन्द सिंह जी तक सभी दस गुरूओं ने भारत की आध्यात्मिक, धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक एकता को एक माला में पिरोने का अद्भुत कार्य किया था। सिखों के 11वें गुरू गुरूग्रन्थ साहिब में 6 सिख गुरूओं के साथ-साथ उस समय तक के 30 अन्य महान् संतों यथा कबीर जी, मीरा के गुरू रविदास जी, धन्ना जी, नामदेव जी, शेख फरीद जी, त्रिलोचन जी, पीपा जी आदि की वाणी सम्मिलित है जो देश की अलग-अलग जातियों व क्षेत्रों के थे। प्रत्येक सिख, गुरूओं जैसा ही अदब व सम्मान का भाव इन संतों व महापुरूषों के प्रति रखता है। दूसरा, सिख गुरूओं ने अपने जीवन सहित अपना सब कुछ इस महान् राष्ट्र व धर्मरक्षा हेतु बलिदान व न्यौछावर कर दिया था। उपरोक्त दो कारणों से श्री नरेन्द्र मोदी का सिख गुरूओं के प्रति अगाध श्रद्धा व सम्मान का भाव रहा है। जून 1975 से जनवरी 1977 के आपातकाल के दौर में जब तत्कालीन शासकों द्वारा कवि दुष्यन्त कुमार के शब्दों में पूरे देश को अंधेरी कोठरी में तब्दील कर दिया था उस काल में श्री नरेन्द्र मोदी ने सिख वेशभूषा में ही भय व लोकतंत्र हनन के खिलाफ संघर्ष किया था।

इस नाते वर्तमान प्रधानमंत्री का बपचन से ही सिख समुदाय के प्रति संवेदनशील भाव रहा है जो उनके द्वारा गत 10 वर्षों में किये गये अनेक कार्यों से परिलक्षित होता है।

1984 में सिख विरोधी दंगे व कत्लेआम भारत के स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद का सबसे काला अध्याय है जिसमें तत्कालीन सरकार की आंखों के सामने देश की राजधानी दिल्ली व अनेक शहरों में दंगे हुये जिनमें हजारों निरपराध सिखों की निर्मम हत्या हुयी। दंगों के बाद 30 वर्षों तक दंगा प्रभावित परिवार न्याय का इंतजार करते रहे। वर्तमान सरकार ने 2014 में आने के बाद स्पेशल इंवेस्टीगेशन टीम (एघ्ऊ) का गठन किया जिससे कई नामी गिरामी व्यक्ति जेलों के सींखचों के पीछे हैं।

करतारपुर साहिब के साथ प्रत्येक सिख का भावनात्मक जुड़ाव है जहाँ पर गुरूनानक देवजी ने अपने जीवन के अन्तिम 22 वर्ष गुजारे थे तथा वहां 'नाम जपो किरत करो वंड छको' के वचन अनुसार खेती करते थे। यह क्षेत्र 1947 के पश्चात् पाकिस्तान में चला गया था व गत कई सरकारों ने सिखों की अनेक अपीलों के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं की। वर्तमान केन्द्र सरकार ने ठोस पहल करके करतारपुर कोरिडोर का निर्माण करके देश को समर्पित किया। लाखों श्रद्धालु आज बिना रोक-टोक व पूरी सुविधाओं के साथ करतारपुर साहिब गुरूद्वारे के दर्शन कर रहे हैं।

2016 में सर्वंशदानी साहिबे कमाल गुरू गोबिन्दसिंह जी का 350वाँ प्रकाश पर्व मनाने की घोषणा वर्तमान केन्द्र सरकार द्वारा की गयी व 100 करोड़ रुपये का फण्ड इसके लिये घोषित किया गया। इस राशि में से 4 करोड़ की ग्रान्ट द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय में भी श्री गुरूगोबिन्द सिंह चेयर फॉर नेशनल इंटिग्रेशन एण्ड सिख स्टडीज की स्थापना की गयी। इस 100 करोड़ के फण्ड द्वारा देश के प्रमुख स्थानों पर गुरू गोबिन्द सिंह जी के शौर्य व बलिदान की गाथा को चिरस्थायी बनाया गया जिससे हमारी युवा पीढ़ी निरन्तर प्रेरित होती रहे।

2019 में गुरूनानक देवजी के 550 वाँ प्रकाश पर्व पर केन्द्र सरकार के निर्देशों के परिणामस्वरूप उनकी जीवनी व संदेश पर दुनियां में स्थित सभी भारतीय दूतावासों में आयोजन किये गये जो पहली बार हुआ तथा गुरूनानक देवजी की महिमा व उनके संदेश का गुणगान हुआ। 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में केन्द्र सरकार द्वारा अमृतसर विश्वविद्यालय में विश्व स्तर के 'गुरूनानक देव सेन्टर फार इंटरफेथ डायलॉग' की स्थापना की गयी जिसका निर्माण कार्य जारी है। इस बेहतरीन सेन्टर के निर्माण, क्रिया-कलापों हेतु लगभग 400 करोड़ की राशि का व्यय होने की संभावना है। इसी तरह हिन्द की चादर व जनेऊ तथा तिलक की रक्षा हेतु चांदनी चौक दिल्ली में सीसगंज पर अपना बलिदान देने वाले गुरू तेग बहादुर जी का 400वाँ प्रकाशपर्व केन्द्र सरकार की घोषणा के अनुरूप मनाया गया वह उल्लेखनीय है। लाल किले (जहां से 1675 में तत्कालीन शासक द्वारा उनको शहीद करने का आदेश दिया गया था) के परिसर में 400 रागी जत्थों का शबद कीर्तन कराया गया जिसमें वर्तमान प्रधानमंत्री जी स्वयं काफी समय तक मौजूद रहे तथा गुरूजी के बलिदान व शहादत को नमन किया।

हम सभी को मालूम है कि गुरू गोबिन्द सिंह जी ने धर्म व देश की रक्षा के लिये वंदनीय बलिदान दिये थे। उनके दो साहिबजादे युद्ध के मैदान में तथा दो साहिबजादे तत्कालीन शासकों के निर्दयी आदेशों से जिन्दा दीवार में चिनवा दिये गये थे। यह इतिहास आजादी के बाद के शासकों को भी पता था लेकिन पूरी सजगता के साथ वर्तमान प्रधानमंत्री जी ने ही 26 दिसम्बर को प्रत्येक वर्ष 'वीर बाल दिवस' मनाने की घोषणा की जिससे समाज के युवाओं व बच्चों सहित सभी वर्ग साहिबजादों की शहादत को जाने सकें व नमन कर सकें। सीबीएसई के देश में सभी विद्यालयों में यह दिवस पूरी शिद्दत व अदब के साथ मनाया जा रहा है।

अर्द्धसैनिक बलों जैसे केन्द्रीय इण्डस्ट्रीयल सुरक्षा बल (CISF), 'सीमा सुरक्षा बल' (BSF), 'केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल' (CRPF) जैसी भर्तियों की परीक्षा के लिये गुरूमुखी भाषा में भी परीक्षा देने का निर्देश केन्द्र सरकार द्वारा दिये गये जिससे पंजाब व देश के अन्य भागों में रह रहे पंजाबी भाषी युवाओं को रोजगार व देशसेवा का लाभ मिलेगा।

इसी तरह बद्रीनाथ, केदारनाथ के मार्ग पर सिखों का बहुत बड़ा तीर्थस्थल श्री हेमकुण्ट साहिब है जहाँ पर विशाल संख्या में सिख श्रद्धालु प्रत्येक वर्ष दुर्गम मार्ग से जाते हैं व इस तीर्थ यात्रा में काफी समय लगता है। केन्द्र सरकार लगभग 1200 करोड़ रूपए खर्च करके वहां गोबिन्द घाट से **हेमकुण्ट साहिब** तक रोपवे का निर्माण कर रही है जिससे वहां जाने वालों को बहुत बड़ी सौगात मिल जायेगी। रोपवे बनाने के कार्य का उद्घाटन सितम्बर 2022 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया।

अफगानिस्तान, पाकिस्तान व बांग्लादेश से आने वाले शरणार्थी सिखों को देश की नागरिकता देने का काम भी जिसे सी ए ए के माध्यम से वर्तमान केन्द्र सरकार ने किया। अफगानिस्तान में तालिबान का शासन पुन: आने के बाद वहाँ असुरक्षित हो गये श्री गुरूग्रन्थ साहिब को पूरे अदब व मर्यादा के साथ देश में सुरक्षित लेकर आने के लिये विशेष विमानों की व्यवस्था करायी गयी। उनके द्वारा समय-समय पर प्रधानमंत्री निवास पर सिख समुदाय के सभी वर्गों के प्रभावी नेतृत्वकर्ताओं व प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया जाता है तथा संवेदनशील मुद्दों व समस्याओं पर खुलकर संवाद किया जाता है जो प्रशंसनीय है।

**–जसबीर सिंह,**
**पूर्व अध्यक्ष राजस्थान अल्प संख्यक आयोग व अध्यक्ष सलाहकार समिति, गुरू गोबिन्द सिंह चेयर फार नेशनल इंटिग्रेशन एण्ड सिख स्टडीज, राजस्थान विश्वविद्यालय**

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता के निर्वाचन पर संभावित प्रभाव



प्रो. अशोक कुमार

कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जेनेरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (उँघ) से आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (ँउघ) की ओर बढ़ने के साथ, निर्वाचन पर इसके संभावित प्रभाव को संबोधित करना महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है। निर्वाचन पर इसका प्रभाव, जिसका उदाहरण भारत के आगामी चुनावों से मिलता है, जो इसके संभावित प्रभाव को संबोधित करने की अनिवार्यता को रेखांकित करता है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ँघ) चुनावों पर प्रभाव डाल सकता है, निर्णय लेने में मदद कर सकता है, और राजनीतिक प्रक्रिया को परिचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

अभियान रणनीति और लक्ष्यीकरण: राजनीतिक दल और उम्मीदवार अपने अभियान संदेशों को अनुकूलित करने तथा विशिष्ट मतदाता समूहों को अधिक प्रभावी ढंग से लक्षित करने के लिये जनसांख्यिकी, सोशल मीडिया गतिविधि एवं पूर्व मतदान व्यवहार सहित मतदाताओं के बारे में अधिक डेटा का विश्लेषण करने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता एल्गोरिदम का उपयोग कर सकते हैं। पूर्वानुमानित विश्लेषण: कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित पूर्वानुमानित विश्लेषण मतदान डेटा, आर्थिक संकेतक और सोशल मीडिया से लोगों के रुख का विश्लेषण जैसे विभिन्न कारकों का विश्लेषण करके निर्वाचन परिणामों की पूर्वानुमान लगा सकता है। इससे दलों को रणनीतिक रूप से संसाधन आवंटित करने और प्रमुख चुनाव क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिल सकती है। मतदाता सहभागिता: चैटबॉट व वर्चुअल असिस्टेंट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मतदाताओं के साथ जुड़ सकते हैं, सवालों के जवाब दे सकते हैं, उम्मीदवारों तथा नीतियों के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं तथा यहाँ तक कि मतदाता मतदान को प्रोत्साहित भी कर सकते हैं। इससे मतदाताओं की भागीदारी और चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ सकती है। सुरक्षा और अखंडता: मतदाता दमन, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के साथ छेड़छाड़ और दुष्प्रचार के प्रसार सहित चुनावी धोखाधड़ी का पता लगाने तथा रोकने के लिये -संचालित उपकरणों का उपयोग किया जा सकता है। डेटा में पैटर्न और विसंगतियों का विश्लेषण करके एल्गोरिदम चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने में मदद कर सकते हैं। डेटा विश्लेषण: डेटा को विश्लेषण करके मतदाताओं के विचारों और अभिप्रायों का समर्थन करने में मदद कर सकता है। यह पारंपरिक रूप से संभावित चुनावी परिणामों को पूर्वानुमानित करने में मदद कर सकता है।समाज और मीडिया की निगरानी: सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन स्त्रोतों को मॉनिटर करके व्यक्तियों के विचारों, अभिप्रायों, और रुझानों का अध्ययन कर सकता है। इससे राजनीतिक मुद्दों और ट्रेंडों का पता लगाना और उसका विश्लेषण करना संभव होता है। चुनावी योजना और संगठन: राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनावी योजनाओं को अनुकूलित करने में मदद कर सकता है। यह डेटा विश्लेषण, चुनावी प्रचार, और मतगणना में सहायक हो सकता है। मतदान की सुविधा: मतदान प्रक्रिया को सुधारने और इसे अधिक उपयोगी और अधिक सुरक्षित बनाने में मदद कर सकता है। इसमें वोटर आईडेंटिटी की प्रमाणित करने, वोटिंग के लिए आवश्यक दस्तावेज़ों को जांचने, और वोटिंग प्रक्रिया को सुरक्षित रखने जैसे काम शामिल हो सकते हैं। लेकिन, का इस प्रकार का प्रयोग भी निरंतर विवाद का विषय रहता है। कुछ लोग इसे निजी और सामाजिक न्याय के मामलों में हस्तक्षेप करने का संदेश देते हैं। इसलिए, अधिकांश राष्ट्रों में के उपयोग के लिए सख्त नियम और नियंत्रण होते हैं।

का उपयोग मतदान प्रक्रिया को सुधारने और सुरक्षित बनाने में कई तरीकों से किया जा सकता है। यहाँ कुछ महत्वपूर्ण कदम हैं: वोटर आईडेंटिटी की प्रमाणित करना: सुरक्षित बायोमेट्रिक्स तकनीकों का उपयोग करके वोटरों की पहचान को सुनिश्चित कर सकता है, जैसे कि आईरिस स्कैनिंग या फेस रिकग्निशन। यह गलत या अनुचित वोटिंग को रोक सकता है। सिस्टम में डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करना: सिस्टमों को हैकिंग और अनधिकृत पहुंच से बचाने में मदद कर सकता है। इसमें डेटा एन्क्रिप्शन, साइबर सिक्योरिटी सॉफ़्टवेयर, और एंटी-फिशिंग तकनीकों का उपयोग शामिल हो सकता है।डेटा एनालिटिक्स का उपयोग: विश्लेषण क्षमताओं का उपयोग करके वोटरों के अभिप्रायों का विश्लेषण कर सकता है, जिससे राजनीतिक दल और चुनावी अधिकारी वोटरों के मुद्दों और आवश्यकताओं को समझ सकते हैं। वोटिंग प्रक्रिया में ऑटोमेशन: वोटिंग प्रक्रिया को ऑटोमेट करके मतदान की सुविधा बढ़ा सकता है। इसमें स्वचालित वोटिंग मशीनों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग के तंत्रों का उपयोग शामिल हो सकता है। वोटिंग प्रक्रिया में नेतृत्व: राजनीतिक प्रशासन और वोटिंग प्रक्रिया में नेतृत्व की भूमिका निभा सकता है, जिससे सुनिश्चित हो सकता है कि प्रक्रिया संवेदनशील और निष्पक्ष हो।

ये सभी कदम मिलकर मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित, सुविधाजनक, और निष्पक्ष बनाने में मदद कर सकते हैं। लेकिन, इस प्रकार की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने से पहले नियमों, नियंत्रणों, और गोपनीयता के मामले पर विचार किया जाना चाहिए

**–प्रो. अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय**

# भ्रमित और बिखरे हुए विपक्ष का हारा हुआ चुनाव



सुरेन्द्र चतुर्वेदी, जयपुर

2024 के आम चुनाव प्रारम्भ होने वाले हैं, पहले चरण का चुनाव 19 अप्रेल को होगा और अब जबकि मतदान होने में तीन दिन बाकी बचे हैं, भाजपा के विपक्षी दल मतदाताओं को यह बता पाने में विफल रहे हैं कि उन्हें वोट क्यों दिया जाए और भाजपा को क्यों नहीं ? दस साल सत्ता से बाहर रहने के बाद भी ये दल भाजपा के खिलाफ एक वैकल्पिक नेतृत्व और कार्ययोजना तक नहीं बना सके। इससे तो यह ही सिद्ध हो रहा है कि विपक्ष सिर्फ खानापूर्ति के लिए ही चुनाव मैदान में है।

इन चुनावों का सबसे मजेदार और रोचक तथ्य यह है कि कथित इंडिया एलांयस में जितने भी दल हैं, सबके अपने अपने घोषणा पत्र हैं। सबकी अपनी अपनी दुनिया है, सबके अपने-अपने सपने और वादे हैं। ऐसा कहीं से नहीं लगता कि विपक्ष एकजुट है और वो भाजपा सरकार के कामकाज के विरोध में एक मजबूत कार्ययोजना को मतदाता के सामने प्रस्तुत कर रहे हैं। वे केवल जातीय वैमनस्यतायुक्त समीकरण, मुस्लिम वोट बैंक के तुष्टिकरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना, विदेशों में बैठे भारत विरोधियों की मदद और जांच ऐजेसियों की भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के विरोध में जनता से वोट मांगने जा रहे हैं। इसमें एक रोचक तथ्य यह भी है कि इंडिया एलाएंस अपनी कमजोरी, बौनेपन और नाकामी का श्रेय भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुए आरोपित कर रहे हैं कि उनके कारण विपक्ष सशक्त नहीं हो पा रहा है।

हां, एक बात जरूर है कि ये सभी दल भारत के मुस्लिम मतदाताओं पर निर्भर हैं, उनका यह मानना है कि भारत के मुस्लिम मतदाता किसी भी और कैसी भी हालत में भारतीय जनता पार्टी के विरोध में उनको ही अपना वोट देंगें। इसी लालच में इन दलों में ना केवल सनातन धर्म परम्परा का मजाक उडाया है अपितु राम जन्मभूमि पर बने मंदिर के लोकार्पण में जाने से भी मना कर दिया।

यह भी रोचक तथ्य है कि भाजपा के दस साल के राज से सर्वाधिक दुखी और त्रस्त कांग्रेस जो स्वयंभू रूप से इस विपक्षी एकजुटता का नेतृत्व कर रही है, वो स्वय भारत के इतिहास में सबसे कम सीटों पर चुनाव लड़ रही है। भारत की संसद में बहुमत के लिए 272 का आंकड़ा जरूरी है और कांग्रेस 278 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। केवल इसी एक तथ्य से समझा जा सकता है कि भाजपा को सत्ता से बाहर कर देने की विपक्ष की इच्छा कितनी बलवती और प्रभावी है ? इसमें भी विचार करने लायक तथ्य यह है कि उत्तर प्रदेश (80), बिहार (40), पश्चिम बंगाल (42), तमिलनाडू (39) और महाराष्ट्र (48) की 249 सीटों पर कांग्रेस सिर्फ 65 सीटों पर ही चुनाव लड रही है। तो क्या कांग्रेस की इस स्थिति को सहयोगी दलों के लिए उसका समर्पण माना जा सकता है? या ये स्थिति यह बता रही है कि कांग्रेस की राजनीतिक जमीन इन राज्यों में खत्म होने की ओर है और यह संभव है कि अगले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस इस स्थिति में भी नहीं रहेगी कि उसे कोई अन्य राजनीतिक दल अपने बड़े और प्रभावी राजनीतिक साझीदार के रूप में स्वीकार करे।

राजस्थान जैसे राज्य में जहां कांग्रेस चार महिने पहले तक सत्ता में थी वहां उन्होंने तीन सीटें सीकर, नागौर और बांसवाड़ा समझौते में अन्य दलों को दे दी। इसका अर्थ यह है कि कांग्रेस में वह नैतिक साहस भी नहीं बचा है कि जहां वह अपने बूते चुनाव लड़ सकती थी, वहां पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ती। तो एक नैतिक रूप से पलायन कर चुके विपक्ष के सामने यदि भारतीय जनता पार्टी 370 और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 400 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखता है तो इसमें किसी आश्चर्य की बात करना राजनीतिक रूप से नासमझी ही कहा जाएगा।

समस्या यह है कि वर्तमान विपक्ष मोदी सरकार की सत्यनिष्ठा, प्रतिबद्धता और प्रमाणिकता की आलोचना भले ही कर ले, पर वो मोदी सरकार को दागदार बता पाने में विफल रहा है। राफेल से लेकर इलैक्ट्रॉल बांड तक जितने भी मुद्दों को लेकर विपक्ष हमलावर हुआ है, वे सब विपक्ष के लिए ही नुकसानदेह साबित हुए हैं। इससे जनता में मोदी सरकार के प्रति ही विश्वास में बढ़ोतरी हुई है।

विपक्ष की यह स्थिति तब तक रहेगी, जब तक अन्य विपक्षी दल कांग्रेस से और कांग्रेस अंतत: गांधी परिवार से अपने आपको मुक्त नहीं कर लेती। असल में गांधी परिवार युक्त कांग्रेस एक अघोषित राजवंश में चापलूसों, राग दरबारियों और षडयंत्रकारियों का समूह भर है, जो बिना सत्ता के रह नहीं पा रहा और उसको किसी भी हालत में सत्ता में वापसी चाहिए। लेकिन उस राजवंश में उन लोगों का कोई स्थान नहीं है, जो राजनीतिक रूप से योग्य और समझदार हों। जो जनता की संवेदनाओं के साथ एकात्म हों। भारतीय राजनीति का यह दौर नए और प्रभावी नेतृत्व के उभार का है। जनता हर उस नेता को मान सम्मान देने के लिए आतुर है, जो उनके बीच का है, उन जैसा है और उनको समझता है। चाहे वो रेवंत रेडडी हों, के अन्नामलाई हों, सचिन पायलेट हों या हेमंत विश्व सरमा ।

यह लेखक के अपने निजी विचार हैं।

**–सुरेन्द्र चतुर्वेदी, जयपुर,**
**सेंटर फॉर मीडिया रिसर्च एंड डवलपमेंट**

## फगड़ा घुड़ला का मेला आज

**जोधपुर,** (कासं)। फगड़ा घुड़ला कमेटी सिटी पुलिस के तत्वावधान में 18 अप्रैल को भोळावणी के दिन फगडा घुड़ला मेला निकाला जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष भगवतीलाल शर्मा व सचिव रमेश गांधी ने बताया कि पूर्व की भांति इस बार भी मेला 18 अप्रैल को ओलंपिक रोड से रवाना होकर जालोरी गेट, पुष्टिकर स्कूल, खाण्डा फलसा, आडा बाजार, डागा बाजार, सर्राफा बाजार, मिर्ची बाजार, कपड़ा बाजार, सिटी पुलिस, कटला बाजार होते हुए देर रात्रि में घंटाघर पर विसर्जित होगा। मेले का मुख्य आकर्षण सबसे पीछे कमेटी सदस्य श्लील गायन करते हुए चलेंगे तथा घुड़ला स्त्री के वेश में गहनों से लकदक श्रृंगार करके पुरुष बीच में चलेगा। देर रात्रि में तूरजी के झालरे में घुड़ला विसर्जित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केवल जोधपुर शहर में गत 57 वर्षो से फगड़ा घुड़ला कमेटी के तत्वावधान में प्रति वर्ष फगड़ा घुड़ला मेला शहर के भीतरी भागों में निकाला जाता रहा है। इस मेले में लोग विभिन्न स्वांग रचकर ट्रैक्टर, जीप, घोड़े व पैदल चलेंगे। साथ ही बैण्ड बाजे विभिन्न गानों पर अपनी स्वर लहरियां बिखेरते हुए साथ चलेंगे।

# केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कोटा प्रवास 20 अप्रेल की तैयारी शुरू

■ मोदी सरकार में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में 20 अप्रेल शनिवार को दोपहर में 1 बजे जीएमए टाउनशिप, गणेशपाल मंदिर के पास, माहेश्वरी रिसोर्ट के पास, बूंदी रोड कोटा में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे।

**कोटा,** (निसं)। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के पक्ष में चुनाव प्रचार हेतु 20 अप्रेल शनिवार को अपरान्ह 1 बजे, जीएमए टाउनशिप, गणेशपाल मंदिर के पास बूंदी रोड कोटा में विशाल आमसभा आयोजित है।

भारतीय जनता पार्टी कोटा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन की अध्यक्षता में बुधवार को जीएमए प्लाजा सभागार में तैयारी बैठक आहुत की गयी। जिसमें जिला पदाधिकारी, प्रदेश के कोटा में रहने वाले पदाधिकारीगण, विधानसभा संयोजक एवं प्रभारीगण, मण्डल प्रभारी एवं अध्यक्ष, मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के जिला पदाधिकारी सम्मिलित हुये। मंचस्थ जिला अध्यक्ष राकेश जैन, विधायक संदीप शर्मा, कोटा लोकसभा चुनाव संयोजक सुनीता व्यास, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, पूर्व उपमहापौर योगेन्द्र खीची, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी रामबाबू, वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता, गोविन्द शर्मा, अजा मोर्चा के प्रदेश मंत्री मदन गोपाल झांझोट, पेनिलिस्ट हितेन्द्र शर्मा रहें। संचालन कोटा उत्तर विधानसभा प्रभारी रितेश चित्तौड़ा और धन्यवाद जिला मंत्री रेखा खेलवाल ने दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने सम्बोधित करते हुये कहा कि मोदी सरकार में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह कोटा- बूंदी लोकसभा क्षैत्र के भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला के समर्थन में 20 अप्रेल शनिवार को दोपहर में 1 बजे जीएमए टाउनशिप, गणेशपाल मंदिर के पास, माहेश्वरी रिसोर्ट के पास, बूंदी रोड कोटा में विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। आमसभा में सम्पूर्ण कोटा-बूंदी लोकसभा क्षैत्र से आम नागरिकों सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक सम्मिलित होंगे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की आमसभा को लेकर कोटा बूंदी में व्यापक उत्साह है। यह आमसभा विशाल आमसभा होगी। जिला अध्यक्ष जैन ने कहा यह चुनाव आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करने का है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का है। देश के मान सम्मान और विकास को नई ऊंचाई देने वाली भाजपा की सरकार एकबार फिर से बनाने का है। इसलिए सभी भाजपा कार्यकर्ता समर्थकगण पूरी ताकत से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला को कोटा बूंदी से विजयी बनाने में जुट जायें। जीत का अन्तर पांच लाख वोटों से अधिक पहुंचानें में पूरी ताकत लगा दें। आमसभा में सम्मिलित होने के लिये कार्यकर्ता पीले चावल भी बांटेगे।

विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि मतदान मात्र एक सप्ताह शेष है, सभी वरिष्ठ, कनिष्ठ, सक्रिय एवं समर्थक कार्यकर्तागण कोटा बूंदी लोोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ओम बिरला की जीत का अंतर पांच लाख से अधिक करने में जुट जायें। उन्होंने आव्हान किया कि गृहमंत्री शाह की आम सभा भी उतनी ही विशाल होनी चाहिये, जितनी विशाल नामांकन रैली थी। कोटा में आमसभा ऐतिहासिक होनी चाहिये। बैठक में आमसभा की तैयारियों हेतु सभी मण्डलों की बैठकें 18 अप्रेल को और सभी शक्ति केन्द्रों पर बैठकें 19 अप्रेल को होंगी। भाजपा जिला अध्यक्ष जैन ने सभी 14 भाजपा मण्डलों हेतु लोकसभा चुनाव मण्डल प्रभारी नियुक्त किये, जिनका स्वागत भी बैठक में किया गया।

## मतदान करने का न्योता करे स्वीकार

**कोटा,** (निसं)। कीर्तांशम् दी ग्रुप ऑफ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से बुधवार को आयोजित चुनाव की चौपाल कार्यक्रम में काठ की पुतलियों ने पीले चावल देकर मतदाताओं को 26 अप्रेल को मतदान दिवस पर मतदान केंद्र में आकर आवश्यक रूप से मतदान करने का न्योता दिया।

संस्थान की अध्यक्ष स्नेहा स्नेहा श्रीवास्तव ने बताया कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शहर की कच्ची बस्तियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव की चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर मतदान करने का संदेश दिया। संस्थान की किरण बाला ने बताया कि गांधीनगर, इंदिरा नगर व झाडू बस्ती मे कठपुतली कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान की डॉ मीरा ने बताया कि लोकसभा चुनाव 24 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में शत- प्रतिशत मतदान के लिए जंगल से सटे गांवों में पहुंचकर चुनाव की चौपाल के माध्यम से मतदाताओं को मतदान का समय व तिथि के बारे में जानकारी देते हुए मतदाताओं को मतदान के प्रति उनके फर्ज को निभाना ने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर भेरुपुरा, चांद बावड़ी व कोलाना क्षेत्र के गांव में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# हर्षोल्लास से मनेगा भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

■ दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज मिलकर अहिंसा पदयात्रा का आयोजन करेंगे

**कोटा,** (निसं)। जैन समाज कोटा महानगर द्वारा देवाधिदेव जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ रविवार 21 अप्रेल को आयोजित किया जाएगा। दिगम्बर एवं श्वेताम्बर जैन समाज मिलकर एकता का परिचय देते हुए अहिंसा पदयात्रा का आयोजन 20 अप्रेल को घटोत्कच चौराहा से दानबाड़ी तक करेंगे तो 21 अप्रेल को भव्य शोभायात्रा तलवंडी जैन मंदिर से दशहरा मैदान पर सकल दिगम्बर समाज के द्वारा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में आचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य आदित्य सागर महाराज ससंघ व गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ का सानिध्य भी प्राप्त होगा।

भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव को भव्य बनाने के लिए दिगम्बर जैन समाज के द्वारा विशाल 5 फीट से अधिक ऊंचा पोस्टर कोटा शहर के 55 मंदिरों पर लगाया जा रहा है। जिसमें 20 अप्रैल व 21 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम की पूरी सूचना एवं जानकारी है। सकल दिगम्बर समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता ने बताया कि अधिक से अधिक लोगों को आयोजन की जानकारी प्राप्त हो सके इस उद्देश्य से पोस्टर मंदिरों में लगाए गए है। बुधवार को आदित्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में कृष्णा नगर एवं गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी ससंघ के सानिध्य में विज्ञान नगर में पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष विमल जैन नांता, पूर्व अध्यक्ष राजमल पाटोदी, मंत्री विनोद टोरडी, कार्याध्यक्ष जे के जैन व प्रकाश बज, तलवंडी जैन मंदिर के मंत्री प्रकाश सामरिया, रितेश सेठी, विजय दुगेरिया, राजकुमार लुहाड़िया, नरेश जैन वेद, विमल जैन वर्धमान, निशा वेद, पारस जैन, सुरेश चांदवाड़, पीयूष बज, पदम पाटनी, जयकुमार जैन, अनिल ठोरा सहित कई लोग शामिल रहे। सकल जैन जैन समाज के मुख्य संयोजक जे के जैन व संयोजिका रेखा हिंगड़ ने बताया कि 20 अप्रेल को आयोजित सकल जैन समाज की पदयात्रा में समस्त जैन समाज के लोग शामिल होकर एकता का परिचय देंगे और महावीर के संदेशों को घर-घर पहुंचाने का आव्हान करेंगे। तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दिगम्बर व श्वेताम्बर जैन समाज कोटा महानगर में अहिंसा पदयात्रा का आयोजन सुबह 7 बजे घटोत्कक्ष चौराहा से दानबाड़ी तक किया जाएगा। पदयात्रा संयोजक विजय दुगेरिया ने बताया कि अहिंसा पदयात्रा घटोत्कक्ष से प्रारंभ होकर, महावीर नगर तृतीय चौराहा, महावीर नगर द्वितीय, तलवंडी सर्किल, जवाहर नगर होती हुई भगवान महावीर के जयकारों के साथ दानबाड़ी पहुंचेगी जहां वह सभा में परिवर्तित होगी। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका निशा जैन वेद ने बताया कि 20 अप्रेल सायं 8 बजे कोटा नगर की महिला मण्डलों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम दशहरा मैदान में आयोजित किया जाएगा।

## अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन

**कोटा,** (निसं)। सीजन में अतिरिक्त यात्री भार को क्लीयर करने के उद्देश्य से कोटा होकर गाड़ी संख्या 09043/09044 बांद्रा टर्मिनल-बरौनी-बांद्रा टर्मिनल के मध्य एक ट्रिप अनारक्षित स्पेशल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है। जिससे यात्रियों को भीड़ से राहत मिल सकेगा। गाड़ी संख्या 09043/09044 बांद्रा टर्मिनल-बरौनी-बांद्रा टर्मिनल के मध्य स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में एक ट्रिप बांद्रा टर्मिनल से बुधवार, 17 अप्रैल एवं बरौनी से शनिवार, 20 अप्रैल को चलेगी जो कोटा मण्डल के बयाना, गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर एवं कोटा स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी के हाल्ट- यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बांद्रा टर्मिनल-बरौनी के मध्य बोरीवली, बोईसर, वापी, सूरत, सायन, भरूच, वड़ोदरा, गोधरा, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना, आगरा फोर्ट, टुंडला, इटावा, कानपुर सेन्ट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, बपुदम मोतीहारी, मुज्जफरपुर एवं समस्तीपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

# चुनाव खर्च को लेकर निष्पक्ष रहें : व्यय पर्यवेक्षक

■ व्यय पर्यवेक्षक ने बैठक में दिए निर्देश

■ 'अभ्यर्थी एवं पार्टी का चुनावी व्यय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार ही जोड़े'

**कोटा,** (निसं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु कोटा-बून्दी लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त किये गये व्यय पर्यवेक्षक प्रदीप सिंह सेंगर ने बुधवार को चुनाव व्यय मॉनीटरिंग प्रकोष्ठ के अधिकारियों एवं सहायक व्यय पर्यवेक्षकों की सर्किट हाऊस में बैठक ली एवं उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए रिकॉर्ड, व्यय प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की।

बैठक में व्यय पर्यवेक्षक ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि चुनाव खर्च को लेकर निष्पक्ष रहें एवं सभी सहायक व्यय पर्यवेक्षक चुनाव सम्पन्न होने तक लेखा टीम से परस्पर सामंजस्य बनाते हुए चुनाव व्यय रिकॉर्ड का मिलान करते रहें। अभ्यर्थी एवं पार्टी का चुनावी व्यय भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही जोड़े, होर्डिंग एवं यूनिपोल का खर्च, जिला स्तर पर जारी अनुमति के अनुरूप ही (साक्ष्य रजिस्टर) में दर्ज करें। किसी पार्टी द्वारा रोड शो किए जाने की स्थिति में वी.एस.टी. टीम के साथ सहायक व्यय पर्यवेक्षक भी सक्रिय रहें। व्यय पर्यवेक्षक ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी 15 प्रत्याशियों ने अपने व्यय रिकॉर्ड को प्रथम निरीक्षण में 12 अप्रेल को प्रस्तुत कर दिया है एवं इसी प्रकार द्वितीय व्यय निरीक्षण 18 अप्रेल को होना है जिसके लिए सभी प्रत्याशियों से सम्पर्क कर व्यय निरीक्षण सम्पन्न कराएं एवं भारत रिर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करते हुए चुनावी व्यय को दर्ज करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी चुनाव अवधि के दौरान सभी अपने कर्त्तव्यों, दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी के साथ निष्पक्ष रूप से करते रहना सुनिश्चित करे एवं चुनावी व्यय रिकॉर्ड का संधारण समुचित रूप से करें।

**लेखा रजिस्टर का निरीक्षण आज :** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के अंतर्गत अभ्यर्थियों के दैनिक व्यय लेखा रजिस्टर का संपूर्ण निर्वाचन अवधि में व्यय प्रेक्षक द्वारा न्यूनतम तीन बार निरीक्षण किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटा से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय रजिस्टर का द्वितीय निरीक्षण गुरूवार 18 अप्रेल और तृतीय निरीक्षण मंगलवार 23 अप्रेल को व्यय प्रेक्षक द्वारा राज्य कृषि प्रबंध संस्थान नयापुरा में प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक किया जाएगा।

## सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

**कोटा,** (निसं)। सुभाष चन्द्र बोस चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सर्वजातीय विवाह सम्मेलन के आयोजन सुबह 10 बजे गुरूवार 18 अप्रैल को दशहरा मैदान में आयोजित किया जाएगा। विवाह सम्मेलन में 46 जोड़े हम सफर बनेंगे। ट्रस्ट के अध्यक्ष कुलदीप सिंह तलवार ने बताया कि कार्यक्रम प्रात: 10 प्रारंभ होगा। हिन्दू-रीति रिवाज से सभी का विवाह कार्य पूर्ण किए जाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, विधायक प्रताप चंद सिंघवी, संदीप शर्मा व कल्पना देवी, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन, कोटा दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी व लव शर्मा, हेमंत विजय, पूर्व महापौर महेश विजय व जयवीर सिंह सहित कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। तलवार ने बताया कि कार्यक्रम में साधु संतों का सानिध्य भी प्राप्त होगा।

# फर्स्ट टाइम वोटर्स को प्रमाण पत्र दिया जाएगा

■ हैप्पी आवर्स यानि सुबह 7 से 9 बजे मतदान करने वाले वोटर्स को मिलेगा प्रमाण पत्र

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए राज्य निर्वाचन विभाग ने एक और नवाचार किया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि हैप्पी आवर्स यानि सुबह 7 से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले फर्स्ट टाइम वोटर्स को निर्वाचन विभाग की तरफ से प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले प्रथम 40 फर्स्ट टाइम वोटर्स को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। साथ ही राज्य के अन्य मतदान केन्द्रों पर सुबह 7 से 9 बजे के बीच मतदान करने वाले शुरूआती 20 फर्स्ट टाइम वोटर्स को हर मतदान केन्द्र पर प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रदेश में 18-19 आयु वर्ग के 16 लाख से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से भी इन मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। इसके साथ ही मतदान के लिए डिजिटल माध्यम से शपथ दिलाई जाकर, सर्टिफिकेट भी दिया जा रहा है। मतदान दिवस पर मतदान केंद्र पर सेल्फी पाइंट लगाए जाएंगे। मतदान के बाद यहां सेल्फी लेकर सीईओ राजस्थान की वेबसाइट पर पोस्ट करने पर सर्टिफिकेट दिया जाएगा। बेस्ट सेल्फी को सम्मानित भी किया जाएगा। नवविवाहित वर-वधू द्वारा मतदान कर सेल्फी अपलोड करने पर सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। संयुक्त परिवार की तीन पीढ़ियों, दादा-दादी, बेटा-बेटी और पोता-पोती द्वारा मतदान कर सेल्फी अपलोड करने पर भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने नव मतदाताओं से अपील की है कि सभी लोकतंत्र में अपनी भागीदारी अवश्य निभाएं।

## उर्मिला जैन भाया ने किया गांवों का दौरा

**झालावाड़।** लोकसभा क्षेत्र झालावाड़-बारां से कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी श्रीमती उर्मिला जैन भाया द्वारा अपने चुनावी जनसम्पर्क अभियान के तहत आज ब्लॉक पिडावा के डेढ दर्जन गांवों में अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर जनसम्पर्क किया गया।

जनसम्पर्क के दौरान श्रीमती उर्मिला जैन भाया को गांवों में व्यापक जन समर्थन मिल रहा है तथा उनका गांव-गांव में माल्यार्पण, आतिशबाजी कर भव्य स्वागत, सम्मान किया जा रहा है। जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान उर्मिला जैन भाया ने ग्रामीणों से कहा कि वर्तमान सांसद दुष्यंत सिंह जी आपके आशीर्वाद से भले ही 4 बार संसद में पहुँचे हो लेकिन पिछले 20 वर्षों से उनकी संसद में चुप्पी के चलते देश में जहाँ नागपुर के संतरो, देहरादून के बासमती चावल, सिहोर के शरबती गेंहू को जो शौरहत मिली हुई है वैसे ही पहचान हमारे क्षेत्र में पैदा हो रहे संतरे, चावल और गेंहू आदि फसलों को नहीं दिला पाये।


BANASTHALI VIDYAPITH
(Notified as Deemed to be University Under Section 3 of the UGC Act)
University for women: University with a difference



Banasthali Vidyapith, the world's largest fully residential university for women is NAAC 'A++', the second highest ranked women's university in the world having more than 15000 students on its 850-acre campus situated amidst rural setting in Rajasthan, having a distinct educational ideology and offering a variety of programmes from nursery up to doctoral level across a wide spectrum of disciplines to prepare enlightened citizens with strong value-base.

Programmes offered

ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.Tech.* (Comp. Sc.& Engg./Comp. Sc.-Artificial Intelligence/Electronics & Comm./ Electronics & Instru./Electrical & Electronics/Mechatronics/IT/Biotech./Chemical Engg./Electronics Engg.-VLSI Design and Technology)
M.Tech. (Artificial Intelligence)
M.Tech. (Computer Science/IT)
M.Tech. (Robotics & Automation)
M.Tech. (VLSI Design)
M.Tech. (Remote Sensing)
M.Tech. (Biotechnology)
M.Tech. (Chemical Engineering)

MATHEMATICAL & PHYSICAL SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Phy./Chem./Maths/Comp.Sc./Elect./Stats)
BCA/BCA Hons./BCA Hons. with Research
M.Sc. (Computer Science)
M.Sc. (Data Science)
M.Sc. (Electronics)
M.Sc. (Mathematics/Statistics/Operations Research)
M.Sc. (Physics)
MCA/PGDCA

ARCHITECTURE & PLANNING
B.Arch.+

LAW
B.A./BBA/B.Com. LL.B. (Integrated)
LL.M.* (Constitution Law)

AVIATION
B.Sc./B.Sc. Hons. (Aviation Science)

LIFE SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Chemistry, Zoology, Botany & Microbiology#)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Biotechnology)
B.Pharm.*
M.Pharm. (Pharmaceutical Chemistry, Pharmaceutics, Pharmacology)
M.Sc. (Chemistry)
M.Sc. (Botany) | M.Sc. (Zoology)
M.Sc. (Biotechnology) | M.Sc. (Bioinformatics)
M.Sc. (Applied Microbiology & Biotechnology)
M.Sc. (Microbiology)#

EARTH SCIENCES
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Geology/Geography)
M.Sc. (Geography) | M.Sc. (Geology)
M.Sc. (Environmental Science)

MANAGEMENT STUDIES
B.Com./B.Com. Hons./B.Com. Hons. with Research
BBA/BBA Hons./BBA Hons. with Research
M.Com.
MBA* (Business Analytics/Entrepreneurship/HR/Finance/Marketing/Aviation/Public Policy/Banking and Finance Management)

FINE ARTS
M.A. Music (Vocal/Sitar), Dance (Kathak/Bharatnatyam), Dramatic Art (Theatre), Drawing and Painting

DESIGN
B.Des. (Fashion & Lifestyle Design/Communication Design/Industrial Design)
M.A. (Textile Designing) | M.Des.

JOURNALISM & MASS COMMUNICATION
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Journalism and Mass Communication)
M.A. (Journalism and Mass Communication)

HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES
B.A./B.A. Hons./B.A. Hons. with Research (Hindi, Sanskrit, English, Sociology, History, Maths, Statistics, Applied Statistics, Political Sc., Public Adm., Economics, Management, Music, Dance, Drama & Theatre Art, Drawing & Painting, Home Science, Textile Designing, Computer Application, Geography, Psychology, French#)
M.A. (Economics, History, Sociology, Political Sc., Psychology, Geography, Mathematics, Statistics, Operations Research, Hindi, English & Sanskrit)
Master of Social Work

EDUCATION
B.A.B.Ed.*, B.Sc.B.Ed.* (Integrated), B.Ed., M.Ed.

HOME SCIENCE
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science)
B.Sc./B.Sc. Hons./B.Sc. Hons. with Research (Home Science) Food Science & Nutrition
M.Sc. (Home Science) (Human Development/Food Science & Nutrition/Clothing & Textile)

NURSING
B.Sc. Nursing*

*Admission to this course shall be based on merit-cum-aptitude test.
#Subject to approval
+JEE-2 & NATA qualified

Foreign/NRI Admissions : A limited number of seats are available for direct admission of Foreign/NRI students in select courses.
Ph.D. : Visit the University website for further details.

Toll Free 1800-270-5855

Admission 2024-25
Scan to explore for detailed information

LAST DATE FOR APPLICATION
30 April, 2024

SCHOOL EDUCATION DIVISION
New admissions shall be made only to classes VI*, IX* & XI Arts/Science(Maths/Bio)/Commerce.
For admission enquiry: 9116624101, 9352878388
Email: school_admissions@banasthali.in

Enquiries can be made at
• For general enquiry:
9352879844, 9352879855, 9352879866
• For UG/PG Admissions:
9116624102 (Engineering & Technology)
9116624103 (Mathematical & Physical Sciences)
9116624104 (Life Science, Aviation, Earth Sc.)
9116624105 (Law & Management Studies)
9352879847 (Humanities, Social Sc., Home Sc.)
9352803156 (Design, Architecture, Fine Arts, Education & Nursing)
Email: ug_admissions@banasthali.in; pg_admissions@banasthali.in

How to Apply
For each programme a separate application is required through either:
Option 1 : Online submission of application at the University's website: http://www.banasthali.org
or
Option 2 : Send a DD for Pre-application fee of Rs. 1000/- in favour of "Banasthali Vidyapith" Payable at Banasthali/Jaipur to: Secretary-Banasthali Vidyapith, P.O. Banasthali Vidyapith-304022 (Raj.)
Scan to explore

BANASTHALI VIDYAPITH
P.O. Banasthali Vidyapith (Raj.) 304022 • Phone : 01438-228384, 228990
Mob.: +91-9352879844, 9352879855, 9352879866 • Email : admissions@banasthali.in
Visit us at http://www.banasthali.org
Connect with us on www.facebook.com/banasthali.org
Connect with us on www.instagram.com/banasthali_vidyapith_official

NAAC 'A++' 3.63
THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2024
nirf All India Rank
QS UNIVERSITY RANKINGS ASIA

## मांगरोल में रामलीला देखने उमड़े भक्त

**मांगरोल,** (नि.सं)। कस्बे में हो रही ढाई कड़ी दोहे की रामलीला के आठवें दिन हनुमान लंका दहन मालन मालिनी की लीलाओं का मंचन किया गया दुर्गाष्टमी पर मां दुर्गा की सुंदर झांकी सजाई गई तथा दीपक सोनी, समाज सेवी ,सावन सोनी समाज सेवी, विशाल भार्गव, इन सभी के द्वारा मां दुर्गा आरती की गई । छोटी छोटी बालिकाऔ ने डांडिया करभा किया गया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया गुरुवार को रावण कुंभकरण मेघनाथ वध की लीलाओं का मंचन किया जाएगा।

## भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया

**मांगरोल,** (नि.सं)। कस्बे में रामनवमी पावन पर्व पर बधुवार को रामलीला चौक मैं रामलीला के कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम जन्म चैत मास शुक्ल नवमी को हुआ, श्रीराम जी की महाआरती एवं श्री राम स्तुति के साथ रामलीला के कलाकार राम जन्म उत्सव मनाया गया। भगवान के जन्म उत्सव मैं रामलीला अध्यक्ष समिति परमानंद जाटोलिया कर्मवीर शर्मा गुलाबचंद गुर्जर पुरुषोत्तम जाजू, महेश्वरी परिवार, चंद प्रकाश स्वामी, नंकिशोर पुजारी एवं सभी श्री राम भक्त जन्म उत्सव में भाग लिया।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर निकली भगवान राम की शोभायात्रा

### अभयनाथ महादेव पर जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा, पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने शोभायात्रा की आरती की

**बून्दी।** रामनवमी के अवसर पर बूंदी नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम की शोभायात्रा बालचंद पाड़ा सिथत अभयनाथ महादेव मंदिर से पूजा अर्चना एवं आरती के साथ प्रांरभ हुई।

अभयनाथ महादेव पर जिला कलेक्टश्र अक्षय गोदारा, पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने भगवान राम की आरती कर शोभायात्रा को रवाना किया। जो बालचंद पाड़ा, नाहर का चोहटा, तिलक चौक सदर बाजार चौमुखा बाजार इंदिरा मार्केट, अहिंसा सर्किल होते हुए मालन मासी बालाजी मंदिर परिसर में संपन्न हुई, जहां भगवान राम की भव्य महाआरती की गई। संयोजक कुलदीप वधवा ने बताया कि शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण नगर के दो अखाड़े रहे, जिनमें वर्ष भर तैयारी करने वाले युवा बालक बालिकाएं जुड़े हुए थे। इनके द्वारा शोभायात्रा में जगह-जगह रुक कर



**रामनवमी के अवसर पर बूंदी नगर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी की शोभायात्रा बड़े धूमधाम से निकाली गई।**

हैरतगेज करतबों सहित शौर्य का प्रदर्शन किया। अखाड़े में नन्ही मुन्नी बालिकाएं भी अपने अस्त्र करतबों का कमाल दिखाते हुए नजर आई। शोभायात्रा में जगह-जगह पर ढोल की थाप पर भक्तजन जय श्री राम के नारों के साथ झूमते नजर आ रहे थे।

शोभा यात्रा का शहर के विभिन्न व्यापारिक ,धार्मिक ,सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में चतुर्भुज महावर, शोभायात्रा प्रभारी पीतांबर शर्मा , सह सयोजक गजेंद्र राजावत कोषाध्यक्ष रामेश्वर दुबे, प्रचार मंत्री नंदलाल सैनी एवं सह प्रचार मंत्री अभिषेक वधवा आदि मौजूद रहे।

## अधिकारियों से जताई नाराजगी

**बूंदी।** लंका गेट मुख्य सड़क पर नाले में पाइप डालने का काम पिछले दो माह से चल रहा है। धीमी गति से कार्य चलने के कारण आम जन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पूर्व पार्षद संजय भूटानी ने आज आरयूआईडीपी के अधिकारियों से जल्द से जल्द नाला निर्माण और क्षेत्र में आने वाले वार्ड में पीने का पानी स्वच्छ उपलब्ध कराने की बात कही तो अधिकारी टालम टोल करते नजर आए। संजय भूटानी ने बताया कि पिछले दो माह से लगभग 2 हजार लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं वार्ड में गंदा पानी आने की शिकायत कई बार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों से की पर समस्या का समाधान अभी तक नहीं हुआ। गंदा पानी पीने से कई लोग बीमार हो चुके हैं। ठेकेदार की लापरवाही के चलते पाइपलाइन टूट गई जिसे दूरस्थ नहीं कराया गया। संबंधित अधिकारियों को फोन पर बताया गया तो उन्होंने संतोषप्रद जवाब नहीं दिया। आज मौके पर बुलाकर अधिकारियों को कहा गया कि जब तक पाइपलाइन दूरस्थ नहीं होगी तब तक ठेकेदार को काम नहीं करने दिया जाएगा क्योंकि गंदे पानी के कारण सैकड़ो लोग संक्रमित बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में स्वच्छ पानी पिलाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। ठेकेदार द्वारा नई पाइपलाइन डालने का कार्य प्रारंभ करने के बाद पूर्व पार्षद ने अपना विरोध समाप्त किया।

# बिजली की डीपी में लगी आग

**छबड़ा।** छबड़ा के खाँखरा चौराहे के निकट एक खेत मे रखी विधूत डीपी में आग लग गई घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची छबड़ा नगर पालिका की दमकल टीम ने आग पर काबू पाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार रात्रि 10:00 बजे खाखरा चौराहे से निकट एक खेत मे लगी विद्युत डीपी में आग लग गई जिसकी सूचना मिलने पर अग्निशमन दल नगर पालिका छबड़ा मौके पर पहुंचा एवं मौके पर पहुंचकर डीपी की आग को काबू पाया तथा समीप में बने किसानों एवं अशोक गगरानी के खेत पर बना मकानों को आग की चपेट में आने से बचाया।

## कार्यकर्ताओं की बैठक बीस को

**छबड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे सिंधिया 20 अप्रैल को क़स्बे के भाजपा कार्यालय पर दोपहर 12 बजे नगर व देहात के भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगी।

देहात मण्डल अध्यक्ष अशोक गौड़ ने बताया कि आगामी 20 अप्रैल को दोपहर 12 बजे छबड़ा भाजपा कार्यालय पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे सिंधिया छबड़ा क्षेत्र के भाजपा नगर मण्डल, सेमली मण्डल सहित बापचा मण्डल के कार्यकर्ताओं सहित, समस्त जनप्रतिनिधि बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारियों, एवं भाजपा समर्थित सरपंचों सहित समस्त मोर्चाओं की कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक लेंगी।


**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
**(साधारण प्रारूप)**
**(व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4)**
**न्यायालय सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजि. (पश्चिम) जयपुर महानगर (द्वितीय)**
**हर्ष नागर विरुद्ध राकेश कुमार नागर व अन्य**
**वाद/प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा।**
**प्रार्थना-पत्र संख्या - 136सन् 2023**
नाम श्रीमती नीरू सोती पुत्री नेमीचन्द नागर C/o दिनेश सोती जाति ब्राह्मण पता- प्लाट नं. 36, श्री ओम एनक्लेव छतरपुरा रोड, बूंदी, राजस्थान पिन कोड-323001
उक्त प्रार्थी ने अस्थाई निषेधाज्ञा के लिए इस न्यायालय में यह आवेदन किया है-
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 24 माह 04 सन् 2024 को 09.00 ए.एम. पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश को सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज ता. 9 माह 04 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
**रीडर**
**सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजि. (पश्चिम) जयपुर महानगर-द्वितीय**


# शिविर में ब्लड शुगर व बीपी की जांचे

**बून्दी।** बुधवार को चौगान जैन मंदिर बूंदी में श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत नि:शुल्क विशेषज्ञ चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का शुभारंभ स्वर्गीय बाबूलाल जी स्व. प्रेम देवी हरसोरा की पुण्य स्मृति में पुन्यार्जक परिवार पदम कुमार गरिमा, ऋषभ कुमार, लोकेश अभिलाष, भव्य,ऋगव, ऋवा हरसोरा द्वारा किया गया।

शिविर में वरिष्ठ चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ व लैब टेक्नीशियन सहित अतिथियों का सकल जैन समाज बूंदी के अध्यक्ष संजय कुमार जैन एवं पदाधिकारीयों व सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर पगड़ी पहनाकर कर स्वागत अभिनंदन किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए सकल जैन समाज बूंदी के अध्यक्ष संजय कुमार जैन (एडवोकेट) ने आमजन से इस शिविर का भरपूर लाभ लेने का निवेदन किया।

शिविर में डॉ. बनेश जैन न्यूरोसर्जन, डॉ. अभिषेक सनाढय कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ बीएस मीना मेडिसिन, डॉ शिवानी मीणा गायनी, डॉ जितेंद्र मीणा स्किन, डॉ अरविंद कुमार ऑर्थोपेडिक, डॉ मोहित जैन डेंटिस्ट ने अपनी सेवाएं शिविर में दी। शिविर में लगभग 153 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ। गोविंदम लेब बूंदी द्वारा ब्लड, शुगर बीपी आदि की जांच निशुल्क की गई। सकल जैन समाज बूंदी के संरक्षक ओम प्रकाश बड़जात्या द्वारा मंच का संचालन किया गया एवं महामंत्री महावीर कुमार धनोपिया द्वारा आभार जताया। महोत्सव समिति के संयोजक रामविलास जैन एवं संरक्षक त्रिलोक चंद जैन ने आगामी महोत्सव के कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## रोगियों को 18 को देंगे परामर्श

**बून्दी।** शीला चौधरी रोड स्थित अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल में 18 अप्रैल को एम्स दिल्ली के रेटिना विशेषज्ञ डॉ. अनूप किशोर गुप्ता द्वारा आंख के पर्दे के रोगियों को परामर्श दिया जाएगा।

हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रेटिना विशेषज्ञ उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान रोगी आंख के पर्दे की विभिन्न बीमारियों जैसे पर्दा खिसकना, पर्दे में छेद, मधुमेह से पर्दा खराब होना, पर्दे में खून आना, उच्च रक्तचाप से पर्दे की खराबी, मेकुलर डिजनरेशन, पर्दे में सूजन आदि रोगों जांच करवा कर लाभ ले सकेंगे। डॉ. गुप्ता एम्स से प्रशिक्षित है एवं जयपुर के प्रमुख रेटिना विशेषज्ञ है। आरजीएचएस योजना के तहत भी राज्य कर्मचारी व पेंशनर्स अपना ईलाज अग्रवाल आई एंड स्किन हॉस्पिटल में करवा सकते हैं।

# नि:शुल्क पानी की प्याऊ लगाई



**छबड़ा गुगोर रेलवे स्टेशन पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निशुल्क ठंडे पानी का प्याऊ का शुभारंभ किया गया।**

**छबड़ा।** छबड़ा गुगोर रेलवे स्टेशन पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निशुल्क ठंडे पानी का प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह प्याऊ पूरी गर्मी संचालित किया जाएगा।

जल सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश चन्द जैन ने बताया कि समिति द्वारा हर वर्ष रेलवे स्टेशन पर निशुल्क ठण्डे पानी का प्याऊ लगाया जाता है जो की पूरी गर्मी तक संचालित किया जाता है दूर-दराज से आने जाने वाले यात्रियों को पीने के लिए ठंडा पानी मिल सके इस उद्देश्य से इस समिति द्वारा स्टेशन पर हर वर्ष निशुल्क ठंडे पानी का प्याऊ लगाया जाता है इस वर्ष इसका शुभारंभ बुधवार से कर दिया गया है जो की पूरी गर्मी चलेगा ।

## आज यहां बिजली बंद

**कोटा,** (निसं)। विद्युत लाइनों के रखरखाव के कारण गुरुवार को सुबह 10.30 से शाम 4.30 बजे तक महावीर नगर प्रथम, एमपीबी वाली लाइन, आदिनाथ किराना स्टोर के पास का क्षेत्र और महात्मा फूले सामुदायिक भवन के पास, सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक गुमानपुरा बाजार और आसपास का क्षेत्र, सुबह 11.30 से दोपहर 2.30 बजे तक केशवपुरा सेक्टर, रंगबाड़ी मैन रोड, टीचर्स कॉलोनी, तलवंडी का कुछ हिस्सा, मीरा मार्केट, महावीर नगर द्वितीय प्लॉट नंबर 266 से 271, 618 से 637, 659 से 699, 700 से 708, महावीर नगर तृतीय सेक्टर 1 से 9 तक, सुबह 10. से शाम 4 बजे तक आस्था नगर, सुबह 10 से दोपहर 2.30 बजे तक शारदा विहार और कृष्णा स्कूल के पास का क्षेत्र, अमरूदों का भाग, नया गांव रोड भदाना, सुबह 10.30 से दोपहर 12 बजे तक त्रिवेणी आवास, दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक आनंद विहार आदि क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।


**सूचना-आम**
सर्व साधारण आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेश कुमार जोशी पुत्र श्री घांसी लाल जोशी जाति जोशी निवासी रटलाई के स्वामित्व का एक मकान ग्राम रटलाई तहसील बकानी जिला झालावाड़ में निम्नांकित चतुर्सीमा वाला स्थित है:-
जिसके पूर्व में-आम रास्ता, पश्चिम में-सरकारी चौक, उत्तर में-लीला बाई का मकान व दक्षिण में-आम रास्ता स्थित है।
यह मकान मेरे पक्षकार द्वारा स्वअर्जित है। जिसका एक मात्र स्वामी मेरा पक्षकार राजेश कुमार जोशी है। चूंकि मेरे पक्षकार के छोटे पुत्र मनोज कुमार जोशी व उसकी पत्नी शालिनी जोशी आये दिन मेरे पक्षकार से व उसकी पत्नी रेखा व उसके बड़े पुत्र लोकेश कुमार जोशी व पुत्रवधू पूजा के साथ अकारण आये दिन झगड़ा फसाद करते रहते है तथा व्यर्थ में घर परिवार में आये दिन कलेश करते रहते है, शालिनी जोशी ने मेरे पक्षकार राजेश कुमार सोनी व उसकी पत्नी रेखा जोशी बड़े बेटे लोकेश कुमार जोशी व उसकी पत्नी पूजा जोशी के विरुद्ध महिला थाने झालावाड़ में झुठे व आधारहिन गलत तथ्यों के आधार पर झुठा मुकदमा दर्ज करवा दिया जिससे मेरा पक्षकार उसकी पत्नी उसका बड़ा पुत्र लोकेश कुमार जोशी व पुत्रवधू पूजा आहत है। इसलिए मेरा पक्षकार छोटे पुत्र मनोज कुमार जोशी व उसकी पत्नी शालिनी जोशी को अपने उक्त वर्णित स्वअर्जित मकान व समस्त प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है तथा मेरे पक्षकार की मृत्यु के उपरान्त पुत्र मनोज कुमार जोशी व उसकी पत्नी शालिनी जोशी को मेरे पक्षकार की राजकीय सेवा में मिलने वाले किसी भी हित लाभ, अनुकम्पा नियुक्ति, पेंशन इत्यादि में हक नहीं होगा। मेरे पक्षकार का आज से उसके छोटे पुत्र मनोज कुमार जोशी व उसकी पत्नी शालिनी से कोई संबंध सरोकार नहीं रहा है। आपसी झगड़े के चले मनोज कुमार जोशी व उसकी पत्नी शालिनी विगत 01 माह से मेरे पक्षकार व उसके परिवार से अलग किराये मकान में जवाहर कॉलोनी झालावाड़ में निवास कर रहे है।
लिहाजा यह नोटिस सर्वसमाज के लिए मेरे हस्ताक्षर व मुहर से जारी किया है जो सनद रहे।
जये-एडवोकेट
सुनील कुमार एडवोकेट झालावाड़
मो. 9414256465


# हर्षोल्लास के साथ मनाया रामनवमी का त्योहार

**बूंदी।** रामनवमी का त्यौहार जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान मंदिर, माता मंदिरों, घरों मेंलोगोने विधि विधान से पूजा अर्चना कर घर परिवार की खुशहाली की कामना की।

■ **मंदिरों में हुई आकर्षक साज सज्जा**

घर घर पर लगे केसरिया झंडा रामनवमी पर्व पर आकर्षण का केन्द्र बना रहा। सभी परिवार जनों ने सामूहिक रूप से भगवान राम की पूजा अर्चना कर देश में अमन चैन की कामना की। शहर के प्रमुख मंदिरों में पूजारियों द्वारा आरती एवं पूजा अर्चना की गई।

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंदिरो में खासी भीड़ देखने को मिली। श्रद्धालु जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए आए। मालन मासी बालाजी परिसर स्थितरामजानकीहनुमान मंदिर, शहर एवं ग्रामीणक्षेत्रोके मंदिरों में भव्य झांकियां सजाई गई। मंदिरों में महाआरती के बादप्रसादीवितरित हुई। इसी प्रकार हंसा देवी माता, मेहंदी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

वहीं खोजागेट रोड स्थित माता श्री वैष्णोदेवी मन्दिर में स्थापित श्री राम दरबार में चैत्र शुक्ल नवमी के शुभअवसर पर भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव मनाया गया। कर्मकांड साधम पं. संदीप चतुर्वेदी ने विधिवत पूजा अर्चना करश्रीरामभगवान की आरती की गई।

भयप्रगट कृपाला, श्रीरामचन्द्रकृपालु भजमन आदिस्तुतियों का गान सभी भक्तों ने सामूहिक रूप से किया इस दौरान प्रेमअजमार्नी, कृष्णमुरारीदाधीच, प्रतीति ओझा, दीक्षा चावला ज्योतिअजमार्नी, अनुराधा अजमार्नी, सोनल अजमानी, अंकुश शर्मा, भारत भूषण शर्माआदिभक्तजन उपस्थित रहे।

## शहीद हेमराज मीणा को पुष्पांजलि अर्पित

**कोटा,** (निसं)। सांगोद में जनसम्पर्क के दौरान बुधवार को ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री ने शहीद हेमराज मीणा की प्रतिमा पर पहुंचकर पुष्पांजलि अपित की। उन्होंने वीरांगना मधुबाला मीणा और उनके पुत्र से भी मिलकर हालचाल जाने। सम्पर्क के दौरान बिरला ने कहा कि शहीदों के बलिदान के कारण हम घरों में सुरक्षित हैं। शत्रु ने नापाक कोशिश करते हुए भारत के सैनिकों पर आतंकी हमला किया था। मोदी सरकार ने ऐसा करारा जवाब दिया कि दुबारा ऐसी हिम्मत नहीं कर सकी। हीरालाल नागर ने कहा कि कांग्रेस ने सदैव शहीदों का अपमान किया है। पिछली कांग्रेस सरकार ने वीरांगनाओं से जो वादे किए थे। वह पूरे नहीं किए। वीरांगनाओं पर लाठीचार्ज करके उनका अपमान किया।

# क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता : दुष्यंत सिंह

**रायपुर/ पिड़ावा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है कि आधुनिक तकनीकी के समावेश से किसानों को आर्थिक दृष्टि से समृद्ध बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास से युवाओं को रोज़गार के संसाधन उपलब्ध हो सकते हैं। झालावाड़-बारां लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह ने झालरापाटन विधानसभा के रायपुर और पिड़ावा ग्रामीण मंडलों में जन संपर्क के दौरान यह विचार रखे।

बुधवार को जन संपर्क के दौरान सांसद प्रत्याशी सिंह काफ़ी सहज दिखाई दे रहे थे। बानौर में आयोजित जन संपर्क बैठक के दौरान उन्होंने फ़र्श पर बैठकर ही ग्रामीणों के साथ चर्चा की। उन्हें जब जानकारी दी गई कि गाँव का एक किसान दुर्गालाल आधुनिक तरीक़े से खेती करता है, तो वह उसके खेत पर जा पहुँचे। दुर्गालाल के खेत पर पहुँचकर उन्होंने पॉली हाउस में तैयार ख़रबूज़े का स्वाद चखा। इसके बाद हिम्मतगढ़ में उन्होंने एक किसान सेवा केंद्र के बाहर चबूतरे पर बैठकर ग्रामीण मतदाताओं से संवाद किया। उन्होंने डेयरी, पॉली हाउस एवं किसान उत्पादक संगठन के लाभ साझा किए। दुष्यंत सिंह ने कहा कि हर हाथ को काम और हर खेत को पानी मिले, इसके लिए उन्होंने हमेशा प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक तरीक़ों से खेती करके उपलब्ध जल संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग किया जा सकता है।


**कार्यालय नगर परिषद बारां ( राज. )**
क्रमांक:-नपबा/ तामीर शाखा/2024/412 **सार्वजनिक विज्ञप्ति** दिनांक 15.04.2024
**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता बाई राठौर पत्नी श्री धन्नालाल राठौर निवासी बारां का आवेदन नगर परिषद में उपविभाजन चाहने बाबत प्राप्त हुआ है जिसमें नगर परिषद द्वारा श्रीमती गीता बाई राठौर पत्नी श्री धन्नालाल राठौर के नाम शास्वत लीज अधिकार पत्र दिनांक 20.12.2019 से जारी किया गया था जिसका माप संलग्न साईट प्लान अनुसार 1116.67 वर्गगज का जारी किया गया था जिसमें आवेदक द्वारा नगर परिषद बारां से उपविभाजन चाहा गया है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अन्दर 7 दिवस में आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ कार्यालय हाजा में प्रस्तुत करे। बाद अवधि गुजर जाने पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।**
**आयुक्त, नगर परिषद बारां**


## बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने कहा हमने निभाया अपना कर्तव्य

**झालावाड़।** लोकसभा चुनाव 2024 के तहत जिले में चल रही होम वोटिंग की प्रक्रिया के दौरान बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं में मतदान करने को लेकर जोश व उत्साह देखने को मिल रहा है। लोकतंत्र के सबसे बड़े त्यौहार में अपना योगदान देने के लिए बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाता कोई कसर नहीं छोड़ रहे। वहीं होम वोटिंग करवाने के लिए नियुक्त मतदान दल भी अपने कार्य को निष्पक्षता एवं गोपनीयता के साथ पूर्ण करवा रहे हैं। मतदान करने के बाद बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने कहा कि हमने मतदान कर अपना कर्तव्य निभाया है अब युवा भी इस कर्तव्य को अवश्य निभाएं और आगामी 26 अप्रेल को मतदान केन्द्रों पर जाकर मतदान करें।

डग के ग्राम रामपुरा निवासी 109 वर्षीय हर कुंवर ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने घर से मतदान करने के बाद कहा कि उनको भारत निर्वाचन आयोग की होम वोटिंग की पहल अच्छी लगी। इस सुविधा से मतदान करना बहुत आसान हो गया है। इससे हम जैसे बुजुर्गों को मतदान केन्द्र तक जाने एवं लाइन में खड़े होने से निजात मिली है। खानपुर के ग्राम बोरदा निवासी 90 वर्षीय रूपकंवर ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मत का उपयोग किया। मतदान करने के बाद उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल से मुझ जैसे बढ़ती उम्र के मतदाताओं को बहुत राहत मिली है।

# युवा चौपाल कार्यक्रम में लिया मतदान करने का संकल्प

### मतदान जागरुकता कार्यक्रम में शतक संभागीयों ने भाग लिया

**छीपाबड़ौद।** टांचा कालाजी बाग मे युवा मोर्चा की ओर से युवा चौपाल का आयोजन किया गया।युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नवल मेहता ने बताया कि कार्यक्रम मे विधायक अनुज महाराज सिह सिंघवी, जिलाध्यक्ष रोहित नागर, मंडल अध्यक्ष मुरारीलाल नागर,प्रधान नरेश मीणा, निर्मल नागर, जिलामहामंत्री गोविंद यादव

मंच पर मोजूद थे।भाजपा के संकल्प इस बार 400 पार के नारे को चरितार्थ करने की दिशा मे हर बूथ पर मजबूती से 26 अप्रेल को वोट डलवाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम मे शतक संभागीयों ने भाग लिया।युवा मोर्चा महामंत्री महेंद्र नागर, जसराज नागर राजेश मालव पप्पू गुर्जर कुलदीप यादव निर्मल यादव राजेंद्र योगी संदीप यादव सुरेंद्र मेहता राकेश मेहता निर्मल मेहता जगदीश मेहता लीलाधर मेहता कालू मेहता भूपेंद्र मेहता परमानंद मेहता सुरेंद्र रामकिशन मेहता लीलाधर मेहता महेंद्र मेहता रामकिशन मेहता पप्पू मेहता अंकित यादव दिनेश मेहता रवि मीणा राहुल यादव सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे संचालन ललित गुर्जर काल्पा ने किया।



**युवा मोर्चा की ओर से युवा चौपाल का आयोजन किया गया ।**

**शिविर 22 अप्रेल सोमवार को :** भारत विकास परिषद के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति बारां के निर्देशन में लगाया जाएगा अध्यक्ष राजेंद्र कुमार योगी और सचिव विकास सोनी ने बताया

की स्व. शांति देवी जैन (ललवानी) एवं स्व. नीता जैन (ललवानी) की पुण्य स्मृति में माणक चन्द जैन, गजेन्द्र जैन, सीमा जैन (सरपंच), अक्षय जैन, अजय जैन के सहयोग से निशुल्क नैत्र जांच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 22 अप्रैल सोमवार को आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रभारी नरेंद्र बाठला और सहप्रभारी लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि सदुरु संकल्प नैत्र चिकित्सालय आनंदपुर के नैत्र रोग विशेषज्ञ द्वारा आंखों की जांच की जाएगी। शिविर का आयोजन आर्य समाज भवन हाट चौक में किया जाएगा जिसका समय प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन के योग्य मरीजों को चिन्हित कर लेंस प्रत्यारोपण के लिये सदुरु संकल्प नैत्र चिकित्सालय आनंदपुर निशुल्क ले जाया जायेगा ।

## ट्रेनिंग सदस्यों ने लिया भाग

**बून्दी।** जेसीआई बून्दी ऊर्जा ने भरतपुर में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ट्रेनिंग प्रोग्राम स्पीच क्राफ्ट 2024 में भाग लिया। कार्यक्रम में बून्दी से अध्यक्ष मेघा नुवाल, सचिव प्रियंका काल्या मूंदड़ा, राष्ट्रीय प्रशिक्षक ख्याति भंडारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के पायलट फैकल्टी आशु मनचंदा, को-पायलट फैकल्टी अंकित राठी ने प्रभावशाली तरीके से अपनी बात रखने का हुनर सिखाया। कोपायलट ख्याति भंडारी ने ट्रेनिंग के दूसरे सेशन में सभी का दिल जीत लिया। सचिव प्रियंका मूंदड़ा ने अपने स्पीच से टॉप फाइव में स्थान बनाया। इस प्रशिक्षण शिविर में पूरे राजस्थान से 30 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया और प्रशिक्षक बनने की पहले पायदान को सफलतापूर्वक पूरा किया।

कार्यक्रम में जोन अध्यक्ष विभोर लोढ़ा ने जेसीआई बून्दी ऊर्जा के वर्षपर्यन्त होने वाले सामाजिक कार्यक्रमों की जानकारी ली और उनके सभी कार्यों की प्रशंसा की।

## चिकित्सा शिविर आज

**कोटा,** (निसं)। एलन करियर इंस्टीट्यूट का 36वां स्थापना दिवस समारोहपूर्वक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रात:कालीन पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा एलन के जवाहर नगर स्थित सत्यार्थ कैम्पस से सुबह 6 बजे प्रारंभ होगी जो कि गोदावरी धाम मंदिर तक जाएगी। यात्रा धोकरे वाले हनुमान जी मंदिर से होते हुए, दादाबाड़ी मुख्य मार्ग से गोदावरी धाम पहुंचेगी।


**पश्चिम मध्य रेल**
**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्याः EPS/18/2024)**
**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website **https://ireps.gov.in** पर 'ई'-निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| Sr. No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty |
|---|---|---|---|
| 1 | 20233492A | Set of Bend Plate for Co-Co Bogie Comprising | 71 Set |
| 2 | 20244250 | Set of Capacitor for machine blower | 35 Set |
| 3 | 40232814 | Control transformer 200VA | 25 Nos. |
| 4 | 38241946 | Tarpoulin cleat | 17331 Nos |
| 5 | 38234156 | ATL TORSION SPRING (STEEL) FOR TWIST LOCK | 4259 Nos |
| 6 | 30231365B | Procurement of BULB TYPE SPLIT COTTER SIZE | 116294 Nos |
| 7 | 60231302 | Submersible pump motor set suitable | 23 Nos. |
| 8 | 20244415 | TOH [AOH] KIT FOR PANTOGRAPH ASSEMBLY | 184 Set. |
| 9 | 80231306 | Photocopier Paper (Xerox Paper) having | 1692 Ream |
| 10 | 82231460 | Sacubitril 49 mg + Valsartan 51 | 153898 Nos. |
| 11 | 38241918 | Cable Assembly for Hand Brake arrangement | 3906 Nos. |
| 12 | 80241003 | INTERNAL COMBUSTION ENGINE CRANK CASE OILS | 15960 LTR |
| 13 | 90231325A | Set of PRE Laminated compreg plywood for | 47 Set. |
| 14 | 80231557 | Bearing for anti roll bar | 2620 Nos. |
| 15 | 80231953 | D.NOTE NO. T 524 F(C) APPLICATION FORM FOR RESERVATIO | 11589250 Nos |
| 16 | 81236213B | FILTER PART NO. VOP23381562 | 28 Nos. |
| 17 | 20234121 | KIT FOR AUTO DRAIN VALVE | 203 Set. |
| 18 | 40232023 | Low maintenance lead acid battery set 75 AH | 110 Set. |
| 19 | 20234141 | KIT FOR SANDING EQPT. MANIFOLD ASSLY | 70 Set. |
| 20 | 40232301 | 25 KV D.O. fuse switch assembly | 80 Set. |
| 21 | 20231892 | METALLISED CARBON STRIP FOR AM-12 PANTOGRAPH | 1374 Nos. |
| 22 | 20234124A | KIT FOR BREAKAWAY PROTECTION VALVE | 106 Set. |
| 23 | 20234185 | SET OF WIPER ARM ASSEMBLY COMPLETE | 105 Set. |
| 21 | 20231851B | Panto mounting insulator | 266 Nos. |
| 25 | 61232116 | M.S. black plain punched washer | 4570 KGS |
| 26 | 61231135 | Hot forged steel Rivets | 4600 KGS |
| 27 | 61232118 | MS black plain punched washer | 2438 KGS |
| 28 | 61232115 | M.S. black plain punched washer | 2600 KGS |
| 29 | 30241600 | PROCUREMENT OF SWINGING NUT | 8900 Nos. |
| 30 | 82231603 | Ferric Carboxy Maltose equivalent to Elemental Iron | 2467 Nos. |
| 31 | 20231050A | Sanding hose coupler | 2482 Nos. |
| 32 | 80231521 | Single Row Deep Groove ball bearing | 471 Nos. |
| 33 | 65245001 | EOT Crane-10T | 01 Nos. |
| 34 | 80241017 | Hydraulic Oil | 91350 LTR |
| 35 | 61242383 | SOLID WITH SHIELD GAS COPPER COATED | 33560 KGS |
| 36 | 80241995 | LUBRICANTS/COATING FOR FIAT BOGIES IN PA | 77 Nos. |
| 37 | 20234413 | Twin Beam LED Head Light for Electric Locomotives | 28 Nos. |
| 38 | 20234446 | METALLISED CARBON STRIPS SUITABLE FOR HIGH REACH PANTOGRAPH | 290 Nos. |

**Due date: For Sr. No. 01 to 24:- 09.05.2024 and For Sr. No. 25 to 38 - 13.05.2024.**
**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक /प.म.रे./जबलपुर**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

# श्रीराम की शोभायात्रा में सीएम भजनलाल शर्मा ने पुष्पवर्षा की

## मुख्यमंत्री ने सरदारशहर में रामनवमी शोभायात्रा में शिरकत की



सरदारशहर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझरिया, विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अशोक पींचा सहित गणमान्य एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

**जयपुर/सरदारशहर,** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बुधवार को चुरू जिले के सरदारशहर में भव्य विशाल रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने भव्य झांकियों के दर्शन किए और केसरिया पहने श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर रामनवमी की शुभकामनाएं दीं। शर्मा ने जय राम के नारे लगाकर भगवा रैली में शामिल हजारों श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन भी किया।

मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 500 साल बाद यह पहली रामनवमी आई है, जब रामलला अयोध्या में भव्य एवं दिव्य राममंदिर में विराजमान हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी बीजेपी प्रदेश की सभी 25 सीटें भारी मतों से जीतेगी और नरेन्द्र मोदी 400 से ज्यादा सीटों के साथ फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने जयपुर स्थित निजी आवास पर चैत्र नवरात्रि के नवम दिवस महानवमी के शुभ अवसर पर कन्या पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मां भगवती के नवरूपों की आराधना का यह पर्व नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। उन्होंने शक्ति स्वरूपा जगदम्बा का आशीर्वाद प्रदेश के सभी परिवारजनों पर बने रहने की कामना की। गांधीचौक में शोभायात्रा का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया व राम भक्तों का अभिवादन किया। पूरे बाजार में जगह-जगह तोरण द्वार बनाकर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया वहीं व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा की गई व जगह-जगह पर ठंडे पेय जल पदार्थ की व्यवस्था भी सामाजिक संस्थाओं द्वारा की गई। राम स्तुति एवं प्रभु श्रीराम की महाआरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। शोभायात्रा में प्रभु श्रीराम लला की झांकी, राम मंदिर की प्रतिकृति की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही सभी श्रद्धालुओं को धाम से आया हुआ प्रसाद का वितरण किया गया। महिलाओं की एक विशेष गणवेश का दल भी शोभायात्रा का आकर्षण था।

शोभायात्रा में शौर्य चक्र विजेता मेजर पवनकुमार खीचड़, लोकसभा भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र झाझरिया ,कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी राहुल कस्वां, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, विधायक पंडित अनिल भंवरलाल शर्मा, प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित, युवा नेता विकास रिणवां, सभापति राजकरण चोधरी, पूर्व पालिका अध्यक्ष रतनगढ़ लिटू कल्पनाकांत, पूर्वपालिका उपाअध्यक्ष मुरलीधर सैनी, डॉक्टर बनवारीलाल शर्मा, सुरेश वर्मा, ओमप्रकाश जोशी, मदन ओझा ,सुभाष सोनगरा, राकेश इंदोरिया , अशोक केशरा,प्रतिपक्ष नेता राजेश पारीक, सुबोध सेठिया, हंसराज सिद्ध, मुकेश सैनी, एडवोकेट पवन सैनी, सहित अनेकों राम भक्त उपस्थित थे।

## फोटो वायरल करने की धमकी देकर पैसे मांगे

**सादुलपुर,** (निसं)। फोन से डाटा चोरी कर उसकी एडिटिंग कर वायरल करने की धमकी देकर पैसे मांगने तथा बार-बार फोन कर सैनिक की पत्नी को प्रताड़ित करने के आरोप में राजगढ थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

थाना अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझडिया ने बताया कि गांव राजगढ थानान्तर्गत एक गांव निवासी एक सैनिक ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि वह सेना में नौकरी करता है। तथा उसकी पत्नी ने भैंस को बेचने के लिए अपने मोबाइल नंबर से अपनी भैंस की एनिमल ऐप पर फोटो डाली थी। तब उसकी पत्नी के फोन पर मनीष गोस्वामी नाम के लड़के का फोन आया और कहा कि मुझे भैंस पसंद है मुझे आपकी भैंस खरीदनी है। यह बात कहकर दो-तीन दिन बाद आरोपी मनीष उसके घर आया तथा उसकी पत्नी को कहा कि उसके फोन का कैमरा खराब है, आप अपना फोन दे दे, मुझे भैंस की वीडियो बनाकर घर भेजनी है। तब उसकी पत्नी ने अपना फोन आरोपी मनीष को दे दिया। मनीष ने वीडियो बनाने के बहाने से उसकी पत्नी के मोबाइल से सारा डाटा, वीडियो, फोटो व कांटेक्ट नंबर आदि अपने फोन में ट्रांसफर कर लिए तथा उसकी पत्नी की फोटो एडिट कर अश्लील फोटो बनाया तथा उसकी पत्नी को भेजकर कहा कि मैं इनको वायरल कर दूंगा नहीं तो मुझे पैसा भेजो या मेरे से बात करो, मेरे से संबंध बनाओ, जिस पर उसकी पत्नी ने बदनामी के डर से एक बार दस हजार रुपए प्रमोद नामक व्यक्ति के नंबर पर डलवाए। बार-बार फोन करके बुलाने की बात कहने लगा, तब उसकी पत्नी ने उसके नंबर को ब्लॉक कर दिया तो मनीष ने उसे फोन करके कहा कि मेरे पास तेरी पत्नी की एडिटिंग की हुई अश्लील फोटो है, मुझे पैसे भेजो वरना मैं तेरी पत्नी की फोटो वायरल कर दूंगा। राजगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 5 साल की बच्ची के पेट से निकाले 400 ग्राम बाल



जिला चिकित्सालय में एक बच्ची के पेट से बालों का गुच्छा निकाल जीवनदान दिया।

- आंतों तक फैला था गुच्छा, 9 डॉक्टरों की टीम ने किया ऑपरेशन
- ट्राइको बेजार बीमारी से पीड़ित बच्ची खुद के बाल खा रही थी

**डूंगरपुर,** (निसं)। पांच साल की मासूम के पेट से डॉक्टरों ने बालों का गुच्छा निकाला है। ट्राइको बेजार बीमारी से पीड़ित बच्ची खुद के बाल खा रही थी। इससे उसके पेट में बालों का गुच्छा बन गया था। पेट दर्द और भूख नहीं लगने की शिकायत पर परिजन उसे डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाए। बुधवार को 9 डॉक्टरों की टीम ने 40 मिनट तक ऑपरेशन कर बच्ची के पेट से 350 से 400 ग्राम बालों का गुच्छा निकालकर उसकी जान बचाई।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक डॉ. महेंद्र डामोर ने बताया, 16 अप्रेल की रात के समय खडगदा गांव की एक 5 साल की बच्ची को लेकर उसके माता-पिता अस्पताल पहुंचे। माता-पिता ने बताया कि बच्ची को भूख नहीं लगती है। पेट में सूजन है और खाने-पीने में तकलीफ होती है। वरिष्ठ सर्जन डॉ. सुषमा यादव ने बच्ची की जांच करवाई, जिसमें बच्ची के पेट में बालों का गुच्छा होने का पता लगा। इस पर बच्ची को भर्ती कर लिया। बुधवार को ऑपरेशन करना तय किया।

डॉ. महेंद्र डामोर, डॉ. सुषमा, डॉ. अर्जुन खराडी, डॉ. रजत यादव, डॉ. सुहानी गडिया, डॉ. विनिता गोदा, डॉ. अमित जैन, डॉ. कुश, डॉ. कमला के साथ पुष्पा कटारा, जावेद, माया की टीम ने बुधवार को ऑपरेशन किया।

डॉ. सुषमा ने बताया बाल खाने की आदत खासकर यूथ महिलाओं में होती है। छोटे बच्चों में ये आदत बहुत कम होती है। इसे ट्राइकोबेजार बीमारी कहते हैं। इसके बाद पेट में ये बाल गुच्छे की तरह जमा हो जाते हैं। इससे खाने-पीने की क्षमता खत्म हो जाती है। ऑपरेशन के बाद बच्ची की तबीयत अब ठीक है।

# श्रद्धालुओं पर टूट पड़ी मधुमक्खियां, एक दर्जन घायल

## कुलोदय दुर्गा माता मंदिर में मधुमक्खियों का हमला

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय के साथ लगते कुलोद कलां गांव में स्थित श्री कुलोदय दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिसमें सोती गांव के एक ही परिवार के सदस्यों के साथ-साथ एक दर्जन के करीब श्रद्धालु घायल हो गए।

सोती निवासी नंदकुमार का परिवार बुधवार दोपहर में अपने गांव से कुलोद कलां स्थित श्रीकुलोदय दुर्गा माता मंदिर में जात लगाने गए थे। जैसे ही मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंचे तो मधुमक्खियां उन पर टूट पड़ी। सोती परिवार के इन सदस्यों के अलावा अन्य मौजूद श्रद्धालुओं ने बचने की कोशिश की और इधर-उधर भागकर अपनी जान बचाई। फिर भी मधुमक्खियों के हमले से एक दर्जन श्रद्धालु चपेट में आ गए। इनमें से सोती से गए परिवार के चार सदस्यों को झुंझुनूं के बीडीके अस्पताल भर्ती करवाया गया है। इनमें सोती निवासी विक्रम सिंह, अंकिता, मितांश के अलावा नरसिंहपुरा निवासी कुलदीप शामिल है। घायलों को एंबुलेंस द्वारा बीडीके अस्पताल पहुंचाया गया। इधर बीडीके अस्पताल में चिकित्सकों ने घायलों का इलाज शुरू कर दिया गया हैं।

# जमीन धंसने से 150 फीट चौड़ा गड्ढा बना

- भूगर्भ विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जायजा लिया

**लूणकरनसर,** (निसं)। तहसील के सहजरासर गांव की रोही में रात को अचानक जमीन धंसने से एक बड़ा गहरा गड्ढा बन गया है। मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने जायजा लेते हुए सुरक्षा की दृष्टि से इस क्षेत्र में आवागमन को रोक दिया है। जमीन धंसने के मामले को लेकर भूगर्भ विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जायजा लिया, लेकिन जमीन धंसने का कारण पता नहीं चला है।

जानकारी के मुताबिक देर रात करीब तीन बजे ढाणी भोपालाराम से सहजरासर गांव जाने वाली सड़क पर सहजरासर गांव की रोही में जगूनाथ के खेत में अचानक जमीन धंस गई। जमीन धंसने से 150 से 200 फीट लम्बा-चौड़ा तथा 70-80 फीट गहरा गड्ढा हो गया। जमीन धंसने के साथ ही करीब 50-60 फीट तक सड़क भी जमींदोज हो गई है। इससे सड़क से आवागमन बाधित हो गया है।

ढाणी भोपालाराम से सहजरासर जाने वाले रास्ते पर जमीन धंसने से बने गड्ढे से सड़क गायब हो गई। इस दौरान रात करीब तीन बजे खारड़ा गांव के लोग जीप में लूणकरनसर से अपने गांव जा रहे थे। जीप एकदम गहरे गड्ढे के किनारे ही रुकने से हादसा टल गया। इसके बाद ग्रामीणों ने पास के गांव के लोगों को बुलाकर जीप को गड्ढे से दूर किया। हालांकि इससे पहले रात ढाई बजे एक ट्रक इस रोड से आया था। तब जमीन धंसी हुई नहीं थी।

जमीन धंसने की सूचना मिलने पर उपखण्ड अधिकारी राजेन्द्र कुमार, पुलिस वृत्ताधिकारी नरेन्द्र पूनिया, कालू थानाधिकारी धर्मवीर, एएसआइ रामनिवास मीणा समेत जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। जमीन धंसने से कौतूहल की स्थिति बनी हुई है तथा बड़ी तादाद में लोग गढ्डे को देखने के लिए दिनभर पहुंच रहे थे। लोगों को रोकने के लिए पुलिस जाब्ता लगाया गया।

सहजरासर गांव की रोही में जमीन धंसने की सूचना मिलने के बाद भूगर्भ विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची है। वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक मनोहरलाल राठौड़, वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक हकीम व सार्वजनिक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता सौरभ भाटी ने घटना स्थल पर जायजा लिया है। टीम को अभी तक जमीन धंसने का पता नहीं चला है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। प्रशासन के अनुसार प्रथम दृष्टया भू-वैज्ञानिकों ने इस जगह को करीब 100 साल से ज्यादा गैर आबाद बताया है तथा जमीन नीचे से खोखली होने या पानी का बहाव क्षेत्र होने से धंसने का अनुमान लगाया जा रहा है। जमीन धंसने से खेत में खड़े खेजड़ी के पेड़ जमींदोज हो गए है तथा कई पेड़ टेडे-मेढ़े खड़े दिखाई दे रहे है।

सहजरासर गांव के पास एक खेत में जमीन धंसने के मामले को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि इस जगह करीब सौ साल पहले आकाशीय बिजली गिरी थी। इसी कारण इस जगह को लेकर आम बोचचाल में बिजल खाड के नाम से पुकारते है। ग्रामीणों ने बताया कि इस जगह पिछले कई साल से एक-दो फीट जगह धीरे-धीरे धंसती आ रही है। इससे इस जगह सड़क भी हर साल क्षतिग्रस्त होती थी।

# 107 वर्षीया राधीबाई ने मतदान किया



107 वर्ष की आयु में राधीबाई को होम वोटिंग के तहत मतदान कराने पहुंची टीम।

**उदयपुर,** (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के दूसरे चरण के तहत चल रही होम वोटिंग में वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन पूरे उत्साह से सहभागिता निभा रहे हैं। होम वोटिंग टीमें भी भीषण गर्मी और भौगोलिक विषमता सहित तमाम चुनौतियों को पार कर अपने दायित्वों का पूर्ण मनोयोग से निर्वहन कर रहे हैं।

होम वोटिंग का प्रथम चरण 14 अप्रेल से प्रारंभ हुआ। जिले में गठित 70 मतदान दल प्रतिनिधि अपने आवंटित क्षेत्र में चिन्हित मतदाताओं के घर-घर पहुंच कर मतदान करा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को मावली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मांगथला में मतदान दल ने 107 वर्षीया राधीबाई पत्नी प्यारचंद के घर पहुंच कर उनसे डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया। घर बैठे वोट करने की सुविधा मिलने पर राधीबाई के चेहरे पर खुशा झलक रही थी।

उन्होंने जिला प्रशासन और चुनाव आयोग का आभार व्यक्त किया। राधीबाई ने मतदान दल को बताया कि देश की आजादी के बाद हुए पहले चुनाव में भी उसे मताधिकार का उपयोग किया था। वहीं इसके बाद जब-जब भी चुनाव हुए उसने हमेशा वोटिंग की है। उम्र के इस पड़ाव पर आने के बावजूद मतदान के प्रति उनके उत्साह को देखकर मतदान दल भी आश्चर्यचकित हुआ और लोकतंत्र के प्रति आस्था की प्रशंसा की।

## किसान की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। खेत पर दवा छिड़काव के दौरान दवाई शरीर में जाने से किसान की हालत बिगड़ गई। किसान की तबीयत बिगड़ने का पता उसके छोटे भाई को दोपहर बाद लगा जब वो अपने बड़े भाई को ढूंढने के लिए उसे खेत पर गया और वहां उसे बेहोश हालत में देखा। भाई उसे पहले कस्बे के हॉस्पिटल में इलाज के लिए लेकर आया और यहां से उसे भीलवाड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल में रेफर किया गया जहां आज सुबह इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। मामला बीगोद थाना क्षेत्र का है। थाना क्षेत्र में किरों की झोपड़िया में रहने वाला शंकर पिता भोजा भील (35) मंगलवार को मिर्ची की फसल में दवा का छिड़काव करने गया था । दोपहर बाद तक भी जब वो घर नहीं लौटा तो उसका छोटा भाई मदन उसे ढूंढने खेतों की ओर गया, वहां उसे शंकर बेहोश हालत में मिला। मदन बेहोश भाई को तुरंत इलाज के लिए बीगोद हॉस्पिटल लेकर पहुंचा और यहां हालत बिगड़ने के बाद उसे भीलवाड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल में रेफर किया गया , जहां आज सुबह इलाज के दौरान शंकर की मौत हो गई।

# आईएएस बनकर जोधपुर लौटने पर कृष्णा का जोरदार स्वागत



आईएएस बनकर लौटी कृष्णा जोशी का लोगों ने स्वागत किया।

**जोधपुर,** (कासं)। सिर्फ 22 साल की उम्र में पूरे देश में सूर्यनगरी का नाम रोशन करने वाली कृष्णा जोशी आज दिल्ली से जोधपुर लौटी। इस दौरान उनके परिजनों, समाज व अन्य लोगों ने जोरदार स्वागत किया। कृष्णा पहले प्रयास में ही 73वीं रैंक के साथ आईएएस बनीं है। इस साल के यूपीएससी के परिणाम में छात्राओं में कृष्णा संभवत: सबसे कम उम्र की आईएएस हैं।

बचपन से ही आईएएस बनने का ख्वाब संजोए कृष्णा ने जुनून के साथ लगातार 18 घंटे की पढ़ाई कर पहले प्रयास में ही सफलता हासिल की है। कृष्णा ने तैयारी के दौरान सोशल मीडिया से तो दूरी बनाए ही रखी, दो साल से माता-पिता व परिवारजनों से भी दिनभर में केवल खाने के समय 15 मिनट बातचीत करती थी। कृष्णा की 12वीं तक की पढ़ाई जोधपुर के एक निजी स्कूल में हुई थी। कृष्णा बचपन से ही आईएएस बनना चाहती थी। वो पढ़ाई में हमेशा से मेधावी थी। दिल्ली के लेडी श्रीराम कॉलेज से अंग्रेजी में ऑनर्स किया। यहां उसने गोल्ड मैडल हासिल किया था। वह दो साल से तो घर ही नहीं आई और ना ही किसी फंक्शन में हिस्सा लिया।

# अमित शाह कल उदयपुर में रोड शो करेंगे

- भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में रोड शो करेंगे

**उदयपुर,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार को उदयपुर में आएंगे। वे यहां भाजपा प्रत्याशी मन्नालाल रावत के समर्थन में रोड़ शो करेंगे। शाह के कार्यक्रम को लेकर व्यवस्थाओं के निमित्त बुधवार को जिला अध्यक्ष रवीन्द्र श्रीमाली की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई जिसमें रोड़ शो की रूपरेखा तैयार की गई।

लोकसभा संयोजक प्रमोद सामर ने प्राथमिक जानकारी देते हुए बताया कि अमित शाह 19 अप्रेल शाम 6 बजे उदयपुर में अपना रोड़ शो करेंगे। यह रोड़ शो देहलीगेट से शुरू होकर बापूबाजार, सूरजपोल होते हुए अस्थल मंदिर पर सम्पन्न होगा।

जिलाध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली ने बताया कि उन्होंने स्वयं प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा कर मार्ग तय किया वह सभी पदाधिकारियों को बताया। उन्होंने प्रदेश जिला एवं मंडल व मोर्चा के पदाधिकारी को रोड शो की व्यवस्था के संबंध में दायित्व दिए। रोड़ शो के मार्ग में संस्कृतिक व सामाजिक झांकियां, पारंपरिक नृत्य एवम अन्य आकर्षक प्रस्तुतियों की भी व्यवस्था की जाएगी ताकि रोड शो का जनमानस में अनुकूल प्रभाव पड़े। बैठक को शहर विधायक ताराचंद जैन, उप महापौर पारस सिंघवी ने भी संबोधित किया। भाजपा मीडिया संभाग प्रभारी चंचल अग्रवाल ने बताया कि बैठक में छोगालाल भोई, प्रेम सिंह शक्तावत, अशोक आमेटा, भरत जोशी ने भी सुझाव प्रदान किये।

# अबकी बार 400 पार के नारे से बौखलाया इंडी गठबंधन जमानत बचाने के लिए फैला रहा झूठ : कैलाश मेघवाल

- 'आरक्षण और संविधान खत्म करने के नाम पर अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग को गुमराह करने वाली कांग्रेस ने हमेशा आरक्षण का विरोध किया'
- 'प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा साहब की स्मृति में पंच तीर्थ नाम से लंदन और भारत में भव्य स्मारक बनवाए'

**जयपुर,** (कासं)। भाजपा एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन पूरी तरह हताश निराश होकर अंतर्कलह से झूझ रहा है। देश के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अबकी बार 400 पार वाले नारे से घबराकर इंडी गठबंधन ने एक झूठ फैलाना शुरू कर दिया कि भाजपा सत्ता में आने के बाद संविधान को बदलकर आरक्षण खत्म करेगी।

इंडी गठबंधन अपनी जमानत बचाने के चक्कर में एससी-एसटी वर्ग को गुमराह कर रहा है। देश की जनता को पता है पिछले दस सालों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में दलितों के हित में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में खुद यह कहा था कि जब तक भाजपा सत्ता में है आरक्षण से किसी प्रकार की छेड़छाड बर्दाश्त नहीं होगी। एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा दलित विरोधी और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ रही है।

संविधान निर्माण के समय जब बाबा साहब ने आरक्षण का प्रावधान लागू किया तो कांग्रेस ने आरक्षण का विरोध किया। वहीं आरक्षण में दस साल बाद समाप्त करने और समीक्षा करने जैसे अडंगे लगाए। 27 जून 1961 को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने देश के सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर सरकारी भर्तियों में आरक्षण समाप्त करने की बात कही थी। मुख्यमंत्रियों द्वारा विरोध करने पर उन्हे अपनी गलती का पता चला। इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ के लीडिंग केस के माध्यम से आरक्षण को कमजोर करने का प्रयास कांग्रेस सरकार के समय किया गया था, लेकिन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने तीन नये संसोधन करके एससी-एसटी और ओबीसी वर्ग के आरक्षण को मजबूत करने का काम किया।

एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने कहा कि देश में पहली बार जब आम चुनाव हुए तो कांग्रेस ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ प्रचार किया था। वहीं 1954 में महाराष्ट्र के भंडारा में हुए उपचुनाव में भी कांग्रेस के नेताओं ने बाबा साहब को हराने के लिए पूरी ताकत लगाई और उन्हे चुनाव हरा दिया। इससे आहत होकर बाबा साहब अवसाद में चले गये और 06 दिसंबर 1956 को उनका निधन हो गया। डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीते जी कांग्रेस ने उन्हे भारत रतन नहीं देने दिया, इसके बाद वीपी सिंह की सरकार आने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवानी की सिफारिश पर बाबा साहब को भारत रतन से नवाजा गया।

कांग्रेस ने कभी भी बाबा साहब की स्मृतियों से जुड़े स्थानों को महत्व नहीं दिया। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पंच तीर्थ नाम से बाबा साहब के जन्म स्थान महु पर भव्य स्मारक निर्माण कराया, शिक्षा स्थल10 किंग्स हेनरी रोड़ लंदन, नागपुर, 26 अलीपुर रोड दिल्ली पर राष्ट्रीय स्मारक और दादर मुंबई पर बाबा साहब का भव्य स्मारक बनाया है। 200 करोड़ की लागत से जनपथ दिल्ली में विशाल इंटरनेशनल एक्सीलेंस सेटर निर्माणाधीन है। इसके साथ ही 400 करोड़ की लागत से मुंबई में 7.04 हैक्टेयर जमीन पर बाबा साहब का भव्य स्मारक बनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में शपथ लेते समय कहा था कि समाज कें अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति का सर्वांगीण विकास ही मोदी की जिम्मेदारी है। विकसित भारत 2047 के लिए भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यही विजन है। प्रेसवार्ता के दौरान मंच पर एससी मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश चंदेल, मोर्चा के महामंत्री मुकेश गर्ग और प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मौजूद रहे।

# 500 साल बाद यह पहली रामनवमी जब रामलला राममंदिर में विराजे : मंजू शर्मा

**जयपुर**, (का.सं.)। भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने आज जयपुर शहर लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न समाजों की बैठकों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने आमजन को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 500 साल बाद यह पहली रामनवमीं है जब रामलला अपनी जन्मस्थली अयोध्या में बनाए गए भव्य राममंदिर में विराजे हैं।

प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत पारीक और मीडिया समन्वयक मुकेश भारद्वाज ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा का आज सुबह सांगानेर विधानसभा के मानसरोवर क्षेत्र में विप्र फाउण्डेशन की ओर से आयोजित बैठक में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने और आने वाले समय में विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कंधों को मजबूत करना जरूरी है। ब्राह्मण समाज भाजपा की नींव रहा है और समाज का जुडाव पार्टी के साथ ही रहा है। केन्द्र सरकार ने आर्थिक रूप से पिछडों को 10 फीसदी आरक्षण देकर बडी पहल की है। इससे समाज के युवाओं का जीवन स्तर सुधारने में मदद मिलेगी। भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा ने खोले के हनुमानजी मंदिर में धोबी समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शिरकत की और नवविवाहित जोडों को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो समाज के सभी वर्गो को साथ लेकर चलती है। मानसरोवर में आयोजित विप्र फाउण्डेशन की बैठक में सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि राजस्थान में इस बार भी बीजेपी प्रदेश की सभी 25 सीटें भारी मतों से जीतेगी और नरेन्द्र मोदी 400 से ज्यादा सीटों के साथ फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। राजस्थान में डबल इंजन की सरकार लोगों की मंशा के अनुसार काम करेगी। पीएम मोदी की गारंटी ने लोगों को कई सुविधाएं दी हैं। देश विकसित भारत की ओर अग्रसर है। राम मंदिर मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है।

उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि जिस प्रकार पिछले दो चुनावों में भाजपा को प्रचण्ड समर्थन देकर विजयी बनाया है उसी तर्ज पर इस बार भी भाजपा प्रत्याशी मंजू शर्मा को जीत दिलाकर केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करने हैं।

इन कार्यक्रमो में भाजपा के शहर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष व कार्यकारिणी के साथ ही संगठन के मोर्चों विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके साथ रहे।



रामनवमी के अवसर पर गुरूवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने परिवार सहित कन्याओं का पूजन किया और उन्हें भोज करवाया।

# गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण को निकले रामलला



श्रीराम कृष्ण जयंती महोत्सव समिति की ओर से रामनवमी पर बुधवार को निकाली गई भगवान श्रीरामचन्द्र जी शोभायात्रा के स्वागत के लिये परकोटे में हजारों लोग उमड़े।

**जयपुर**। चैत्र शुक्ल नवमी को राम लला का प्राकट्योत्सव दोपहर को अभिजीत मुहूर्त में भक्तिभाव से मनाया गया। छोटीकाशी के सभी राम मंदिरों में जन्माभिषेक, पलना झांकी, बधाईगान, महाआरती, भजन संध्या सहित अनेक धार्मिक आयोजन हुए। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालओं ने हाजिरी लगाई।

चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्री रामचन्द्रजी में 101 हवाई गर्जना के साथ रामलला की जन्म महाआरती हुई। इससे पूर्व राम दरबार का पंचामृत अभिषेक किया गया। अभिषेक के बाद भक्त समाज ने बधाई के पदों का गान किया। जन्म आरती के बाद बधाई के लड्डू बांटे गए। महंत नरेंद्र तिवाड़ी ने बताया कि सुबह मंगला आरती से ही ठाकुरजी के मनोरथ शुरू हो गए। मंगला दर्शन में ठाकुरजी को मखमली सुनहरी पोशाक धारण करवाई गई। पंचामृत अभिषेक कर षोडशोपचार पूजन किया गया। अभिषेक के बाद रजवाडी जरदोजी की पोशाक धारण कराकर मोती-माणक के आभूषण से श्री रामलला का शृंगार किया गया। इसमें बलेवारा, मोती कंठी, भुजबंद, तुस्सी, सिरपेच, नथ बेसर, कड़े, तुर्रे, हीरे की माला प्रमुख थे।

वहीं दूसरी ओर श्रीराम कृष्ण जयंती महोत्सव समिति की ओर से निकाली गई भगवान श्रीरामचन्द्र जी शोभायात्रा से छोटीकाशी की चारदीवारी राममय हो गई। भगवान श्रीराम की विभिन्न लीलाओं और रूप की जीवंत और रथ झांकी देखकर श्रद्धालु गदगद हो गए। शोभायात्रा जिधर से गुजरी उधर ही बड़ी संख्या में लोग श्रीराम प्रभु के दर्शनों के लिए उतावले दिखे। जगह-जगह पुष्प वर्षा और आरती कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया।

# खाचरियावास ने जयपुर में निकाली राम रथ यात्रा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में पहले दौर के 19 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले प्रचार का शोर बुधवार की शाम 6 बजे थम गया। इससे पहले जयपुर शहर लोकसभा में कांग्रेस उम्मीदवार प्रताप सिंह खाचरियावास ने चारदीवारी क्षेत्र में वाहन रैली निकालने के साथ शक्ति प्रदर्शन तो किया ही, साथ ही कांग्रेस की एकता का प्रदर्शन भी किया गया। जहां दोनों विधायकों के साथ सभी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार भी वाहन रैली में शामिल हुए। खाचरियावास के समर्थन में निकाली गई यह वाहन रैली, जिसे राम रथ यात्रा का नाम दिया गया, क्योंकि रामनवमी का मौका देते हुए खाचरियावास के इस काफिले में दो रथ बनाए गए थे।

# बारह सीटों पर प्रचार थमा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए प्रचार का शोर थम गया है। शाम 6 बजने के साथ ही अब प्रत्याशी सिर्फ दो टू डोर ही प्रचार कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन विभाग ने मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसके अनुरूप प्रत्याशी किसी भी तरह के लाउडस्पीकर के साथ में प्रचार नहीं कर सकेंगे। साथ ही जुलूस भी नहीं निकाल सकेंगे। इतना ही नहीं निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार स्टार प्रचारकों को भी लोकसभा क्षेत्र की सीमाओं को छोड़ना होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि राजस्थान में लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में मतदान के अंतिम 48 घंटे के लिए चुनाव प्रचार गतिविधियां शाम 6 बजे से थम गई। पहले चरण में गंगानगर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 19 अप्रैल को मतदान होगा। गुप्ता ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार, इन लोकसभा क्षेत्रों में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय से 48 घंटों की अवधि आज शाम 6 बजे से आरंभ हो गई. ये मतदान समाप्ति अवधि 19 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगी।

# नाबालिग का देह शोषण करने वाले अभियुक्त को 20 साल की सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत में 17 साल की नाबालिग पीड़िता को ब्लैकमेल कर उसके साथ करीब सवा दो साल तक देह शोषण करने वाले अभियुक्त राजेंद्र को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत में 32 वर्षीय इस अभियुक्त पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि पीड़िता ने 22 नवंबर 2020 को रेनवाल पुलिस थाने में फिर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसके पापा अक्सर बाहर रहते हैं और मां मजदूरी करने जाती है। ऐसे में वह घर पर अकेली रहती है। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला ठेकेदार अभियुक्त उसके घर आता जाता था। अभियुक्त पिछले 2 साल से उससे दोस्ती करने का प्रयास कर रहा था। अप्रैल 2018 में जब वह घर पर अकेली थी तो अभियुक्त उसके घर आया और उसे बड़ा ठेका मिलने की बात कह कर कोल्ड ड्रिंक पिलाई। इसके बाद वह बेहोश हो गई जब उसे होश आया तो अभियुक्त और वह नग्न अवस्था में थे। अभियुक्त ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस दौरान अभियुक्त ने उसे धमकी दी कि यदि उसने घटना की जानकारी किसी को दी तो वह उसकी अश्लील फोटो वायरल कर देगा। इसके बाद अभियुक्त कई बार उसके घर आया और धमकी देकर दुष्कर्म किया। अंतिम बार अभियुक्त ने 1 अगस्त 2020 को उससे दुष्कर्म किया था।

# भांकरोटा थाने के पुलिसकर्मियों ने बेटे के सामने उसके सी.ए. पिता को पीटा

## बुजुर्ग महिला के साथ भी की हाथापाई; 4 लोगों को किया गिरफ्तार

- **पति-पत्नी के बीच विवाद में महिला के साथ उसके ससुराल पहुंची थी पुलिस**
- **बताया जा रहा है कि युवक को पीटने वाले भांकरोटा थाने के हैडकांस्टेबल और कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया गया है**

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में पुलिसकर्मियों का अमानवीय चेहरा सामने आया है। पुलिसकर्मियों ने एक सीए को उसके बेटे के सामने बुरी तरह से पीटा। पिता को छुडाने के लिए बच्चे ने पुलिसकर्मियों के पैर तक पकड़ लिए, लेकिन पुलिसकर्मियों का दिल नहीं पसीजा और सीए को बुरी तरह पीटते रहे। घटना भांकटरोटा क्षेत्र के जयसिंहपुरा की है। पुलिसकर्मियों की मारपीट में सीए गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस परिवार के 4 लोगों को गिरफ्तार कर थाने ले गई। यहां तक कि परिवार की महिलाओं से भी हाथापाई की गई है।

जानकारी के अनुसार जयसिंहपुरा निवासी चिरंजीलाल (35) सीए है। एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। चिरंजीलाल की शादी 9 साल पहले डिंपल के साथ हुई थी। दंपती के बीच 1 साल से विवाद चल रहा है। मंगलवार को डिंपल भांकरोटा थाना पुलिस के साथ अपने ससुराल पहुंची। परिवार के लोग घर पर नहीं थे। डिंपल ने मकान का ताला तोड़ने की कोशिश की। पडौसियों ने इसकी सूचना चिरंजीलाल को दी। चिरंजीलाल मौके पर पहुंचा। पुलिस और अपनी पत्नी से ताला तोड़ने का कारण पूछा तो पुलिसकर्मियों ने चिरंजीलाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि पिता के साथ मारपीट होने पर बेटे गौरांश शर्मा (7) ने एक पुलिसकर्मी का पैर पकड़कर पिता को छुडाने की कोशिश की, लेकिन पुलिसकर्मियों का दिल नहीं पसीजा। मारपीट करते हुए पुलिसकर्मी चिरंजीलाल को अपनी गाड़ी तक लेकर आए। परिवार की महिलाओं ने पुलिसकर्मियों को रोका तो महिला पुलिसकर्मी ने बुजुर्ग महिला के साथ हाथापाई कर दी। यही नहीं पुलिसकर्मी चिरंजीलाल के पिता शंकर लाल शर्मा, चाचा रमेश शर्मा और भाई बाबूलाल शर्मा को गिरफ्तार कर थाने ले आई। पुलिसकर्मियों की मारपीट से चिरंजीलाल के हाथ पर गंभीर चोट लगी और उसकी आंख सूज गई है। घटना गंभीर, विभागीय जांच के दिए आदेश डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि घटना बहुत गंभीर है। पुलिसकर्मियों का कृत्य गलत है। इसकी विभागीय जांच के आदेश कर दिए है। बताया जा रहा है कि भांकरोटा थाने के हैड कांस्टेबल सुनील और कांस्टेबल राजपाल को इस मामले में सस्पैंड कर दिया गया है। मामले की जांच एडिशनल डीसीपी गुरुशरण राव को सौंपी गई है।

# बोहरा को जान से मारने की धमकी का ई-मेल मिला

**जयपुर** । जयपुर के निवर्तमान सांसद रामचरण बोहरा को जान से मारने की धमकी भरा ई-मेल मिला। उनके ऑफिशियल मेल आईडी पर ई-मेल करके धमकी दी गई है कि दिल्ली अभी बहुत दूर है। रास्ते में जहां मिलोगे तो वहीं जान से मार देंगे। इस संबंध में बोहरा के निजी सहायक अरुण शर्मा ने जवाहर सर्किल थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला मामले की जांच कर रही है।

# युवक की हत्या कर शव प्लॉट में फेंका

- **एम.आई. रोड पर आकाशवाणी के सामने बुधवार सुबह मिला शव**
- **मृतक के गले पर मफलर बंधा था, प्रारंभिक जांच में मौत गला घुटने से होना सामने आया**

**जयपुर** (कासं)। विधायकपुरी थाना इलाके में स्थित एम.आई. रोड पर आकाशवाणी के सामने बुधवार सुबह एक युवक की हत्या कर शव फेंकने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि मृतक का गला मफलर से बंधा हुआ था। जिस पर पुलिस ने फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की टीम के साथ-साथ डॉग स्क्वायड की टीम को भी मौके पर बुलाया। दोनों ही टीम ने पुलिस के साथ मिल कर मौके से साक्ष्य लिये। साथ ही पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन कोई जानकारी सामने नहीं आई। पुलिस ने शव को एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया कर जांच में जुट गई। पुलिस ने बताया कि आकाशवाणी के सामने खाली प्लाट में यह शव मिला था। जिस पर लोगों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी थी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची थी।

वहीं मृतक की उम्र करीब 40-45 के करीब हैं और मृतक के गले में मफलर बंधा हुआ हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मौत गला घुटने से हुई हैं। पुलिस ने आसपास के इलाकों में मृतक की फोटो को भेज कर थानों में दर्ज गुमशुदगियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही हैं।

# ऑनलाइन ठग गिरोह पकड़ा

**जयपुर** । मानसरोवर में पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनन्द ने बताया कि मानसरोवर पुलिस ने शातिर ठग मेवाराम उर्फ वरूण निवासी कठुमर अलवर हाल मंगल विहार मानसरोवर (खाता धारक), सौरभ निवासी कुईखेडा थाना फाल्जिका (पंजाब) हाल सांगानेर और पारस जाट निवासी कुईखेडा हाल सांगानेर को गिरफ्तार किया है। पुलिस की प्रारम्भिक पूछताछ में सामने आया है आरोपित सोशल मीडिया ऐप टेलीग्राम के माध्यम से ट्रेडिंग-टास्क के नाम पर ठगी करते है।

# श्री राजपूत सभा के सम्मेलन में 13 जोड़ों का पाणिग्रहण

**जयपुर**, (का.सं.)। श्री राजपूत सभा ने रामनवमीं के अवसर पर 13 जोडों के विवाह "श्री राजपूत सभा जगतपुरा छात्रावास" महल योजना, "ए" ब्लॉक विस्तार, जगतपुरा (जयपुर) में परम्परागत राजपूती रीति रिवाज से सम्पन्न करवाये गये। राजपूत सभा अध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई एवं कार्यकारिणी समिति पदाधिकारियों-सदस्यों ने इस मांगलिक वैवाहिक आयोजन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, खाटू श्याम मंदिर समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, महामण्डलेश्वर बालमुकुन्द आचार्य महाराज, (बालाजी धाम हाथोज,) एवं मौरिसिस से पधारे गहलोत राजपूत महासभा अध्यक्ष केविन रघुनाथ का साफे, शॉल, स्मृति चिन्ह, बुके देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मंचस्थ अतिथियों ने संक्षिप्त उद्बोधन में नव विवाहित दम्पतियों को आशीर्वचन और उज्ज्वल एवं सुखद गृहस्थ जीवन के लिए शुभकामनायें प्रदान की। सभाध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई ने बताया कि उक्त सामूहिक विवाह सम्मेलन में आर्थिक दृष्टि से अक्षम, बीपीएल, विधवा-विकलांग अभिभावकों के बच्चों के निःशुल्क विवाह करवाये गये (इनमें एक दुल्हा दिव्यांग था) और सभा व दानदाताओं के सहयोग से लगभग 2 लाख राशि का साजो सामान (उपहार / स्त्रीधन) जैसे दुल्हनों को सोनें की नाक की लोंग, कान की लोंग, राखडी, गले का पैण्डल, चांदी की पाजेब जोडी, बिछिया जोडी आभूषण एवं कुल 44 प्रकार के घरेलू आवश्यक समान प्रत्येक जोडे को प्रदान किये गये।

इस मांगलिक अवसर पर सभाध्यक्ष राम सिंह चन्दलाई, उपाध्यक्ष प्रताप सिंह राणावत, संगठन मंत्री धीर सिंह शेखावत, सहमंत्री मोहन सिंह बगड, कोषाध्यक्ष प्रधुमन सिंह मूंडरू, कार्यकारिणी सदस्य हेमेन्द्रकुमारी दूदू पृथ्वी सिंह कालीपहाडी, विरेन्द्र पाल सिंह, जोगेन्द्र सिंह सावरदा, एडवोकेट गजराज सिंह कैलाई, जितेन्द्र सिंह शेखावत, लोकेन्द्र सिंह लोटवाडा, हर्षवर्धन सिंह शेखावत, मूल सिंह शेखावत, महेन्द्र सिंह भंवरथला, श्रवण सिंह चौहान, जयपुर सांसद रामचरण बोहरा, श्रवण सिंह बगड़ी भाजपा प्रदेश महामंत्री मौजूद थे।

# वालमार्ट मार्केट प्लेस ने लॉन्च किया "लैंडिंग पेज"

**जयपुर**, (का.सं.)। वालमार्ट ने आज भारतीय विक्रेताओं के लिए कंपनी की मार्केटप्लेस वेबसाइट वालमार्ट डॉट कॉम पर एक समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करने की घोषणा की, जिसके माध्यम से वे साइट पर पंजीकरण एवं बिक्री कर सकेंगे। साथ ही, वालमार्ट ने क्षेत्रीय स्तर पर सम्मेलनों की श्रृंखला शुरू करते हुए आज जयपुर, राजस्थान में पहले वैश्विक विक्रेता सम्मेलन का आयोजन भी किया। इन सम्मेलनों के माध्यम से संभावित विक्रेताओं को उपभोक्ताओं एवं कैटेगरी ट्रेंड्स से जुड़ी इनसाइट्स एवं जानकारी प्रदान करते हुए मदद की जाएगी और ऑनबोर्डिंग सपोर्ट व कैटलॉग सेटअप में सहयोग किया जाएगा। सालभर पूरे देश में वैश्विक विक्रेता सम्मेलन आयोजित करने की योजना है। वालमार्ट की इमर्जिंग मार्केट्स एंड बिजनेस डेवलपमेंट वाइस प्रेसिडेंट मिशेल मी ने कहा, 'वालमार्ट के लिए भारत प्राथमिकता वाला बाजार है और समर्पित लैंडिंग पेज लॉन्च करना भारतीय विक्रेताओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

# इंजीनियर्स व ठेकेदार की मनमानी के कारण करधनी में 2 साल बेवजह अटकी रही सड़क

## टैंडर की शर्तों के मुताबिक दिसंबर 2021 में सड़क निर्माण शुरू कर जून-2022 तक काम पूरा करना था, दो वर्ष की इस लेटलतीफी का खामियाजा जनता ने भुगता

- **इंजीनियर्स ने करीब सवा 2 वर्ष पुराने वर्क ऑर्डर पर मैसर्स गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शन कंपनी से सड़क अब बनवाई हैं, लेटलतीफी पर ना तो फर्म को नोटिस थमाया और ना ही ब्लैकलिस्टेड किया**
- **अब इंजीनियर्स अपनी गलती पर पर्दा डालने के लिए कह रहे हैं कि, गत वर्ष करधनी में जलदाय विभाग और टोरेंट गैस कंपनी ने रोड कट ले लिया था, इस कारण हमने सड़क नहीं बनाई**
- **सूत्रों की मानें तो करधनी क्षेत्र में जे.डी.ए. ने बाकायदा बोर्ड लगाकर सड़क निर्माण कार्य शुरू और खत्म करने की तारीख दो वर्ष पूर्व की लगा रखी है, ठेकेदार को 3 वर्ष सड़क का मेंटीनेंस करना है, इसलिए जानबूझकर यह काम देरी से शुरू हुआ**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । करधनी क्षेत्र में सड़क निर्माण को लेकर मजेदार तथ्य सामने आये हैं। जयपुर विकास प्राधिकरण ने करीब 2 करोड़ रु. की लागत से सड़क बनाने का कम वर्ष 2021 में ही मैसर्स गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शंस कंपनी को दे दिया था। ठेकेदार को 18 दिसंबर 2021 को सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाकर उसे 17 जून 2022 तक पूरा करना था। इसके बाद 3 वर्ष तक सड़क का मेंटीनेंस करना था।

सूत्रों की मानें तो ठेकेदार फर्म ने करधनी क्षेत्र में यह सड़क बिना वजह करीब 2 वर्ष तक अटकाये रखी, इसके बावजूद जे.डी.ए. के इंजीनियर्स ने ना तो ठेकेदार को कोई नोटिस थमाया और ना ही ब्लैक लिस्टेड करने जैसी कार्रवाई की। अब करीब सवा 2 साल बाद उसी पुराने वर्क ऑर्डर पर करधनी क्षेत्र में डामर की सड़कें बनाई गई है। हालांकि दो वर्ष में डामर की कीमतों में वृद्धि के कारण जे.डी.ए. को करीब एक करोड़ रु. का एक्सलेशन चार्ज भी देना पड़ेगा। जो कि डामर की कीमत में अंतर के कारण आया है।




उधर जे.डी.ए. के इंजीनियर्स का कहना है कि करधनी क्षेत्र में गत वर्ष जलदाय विभाग और टोरेंट गैस कंपनी ने रोड कट किया था, इस कारण यह सड़क हमने अब बनाई है। जबकि हकीकत यह है कि सड़क निर्माण का कार्य तो मैसर्स गोकुलनाथ कंस्ट्रक्शंस को दिसंबर-2021 में ही शुरू करना था। ऐसे में गत वर्ष के रोड कट का तो इस पर कोई प्रभाव ही नहीं पडना था।

सूत्रों की मानें तो जे.डी.ए. के इंजीनियर्स और ठेकेदार फर्म ने जान-बूझकर सवा 2 साल बाद सड़क निर्माण इसलिए शुरू किया है, ताकि उसे 3 वर्ष के लंबे मेंटीनेंस की जिम्मेदारी नहीं लेनी पड़े। क्योंकि जे.डी.ए. प्रशासन ने करधनी क्षेत्र में इस सड़क निर्माण प्रोजेक्ट को लेकर जो सूचना बोर्ड लगाए हैं, उस पर साफ अंकित है कि करधनी क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण का काम 18 दिसंबर 2021 को शुरू होना है और 17 जून 2022 को सड़क निर्माण का कार्य पूर्ण होगा। सड़क बनने के बाद 3 वर्ष तक यानि कि जून-2022 से लकर जून-2025 तक ठेकेदार फर्म इस सड़क में होने वाली टूट-फूट का रखरखाव करेगा। चूंकि अब यह सड़क मार्च-अप्रैल 2024 में बनी है तो इसके रखरखाव का जिम्मा वर्ष 2027 तक का होना चाहिए। चूंकि जे.डी.ए. ने करधनी क्षेत्र में 2 वर्ष पुरानी तारीख में ही सड़क निर्माण प्रोजेक्ट के बोर्ड लगवा दिए, ताकि लोगों को लगे कि सड़क का मेंटीनेंस वर्क सिर्फ जून-2025 तक का ही रहेगा।

स्थानीय लोगों की मानें तो करधनी क्षेत्र में हाल ही में बनाई गई सड़क की गुणवत्ता भी सही नहीं है। डामर की मोटाई भी कम है। डामर की मोटाई कम होने से सड़क फिर से बिखरने का खतरा बना हुआ है।

वहीं दूसरी ओर जोन-7 के सहायक अभियंता का कहना है कि हमने सड़क की जांच की है, उसकी गुणवत्ता ठीक है। एम.एन.आई.टी. से थर्ड पार्टी जांच भी करायी है।



फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण को इस साल के टी-20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने की कोशिशें की जा रही हैं।

-रोवमैन पावेल

वेस्टइंडीज के कप्तान, सुनील नारायण के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **महेन्द्र सिंह धोनी**



**दिग्गज** विकेटकीपर बल्लेबाज एमएस धोनी के आईपीएल रिटायरमेंट की लंबे समय से अटकलें लग रही हैं। पिछली बार की तरह आईपीएल 2024 के दौरान भी इसकी चर्चा जारी है। दरअसल, धोनी ने आईपीएल 2023 के बाद कहा था कि वह फैंस के लिए एक सीजन और खेलेंगे। ऐसे में कहा जा रहा है कि 42 वर्षीय धोनी का बतौर प्लेयर यह आखिरी सीजन हो सकता है। हालांकि, धोनी के करीबी दोस्त और पूर्व धाकड़ बल्लेबाज सुरेश रैना की राय अलग है। उन्होंने एक शब्द बोलकर काफी कुछ क्लियर कर दिया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टेस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टेस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# दिल्ली ने गुजरात को 6 विकेट से हराया

## 8.5 ओवर में चेज किए 90 रन, लीग में आईपीएल का यह सबसे छोटा स्कोर



अहमदाबाद, 17 अप्रेल। दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 32वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस को 6 विकेट से हरा दिया। टीम ने 90 रन का टारगेट 8.5 ओवर में 4 विकेट खोकर चेज कर लिया। ओपनर जैक फ्रेजर-मैगर्क ने 10 बॉल पर 20, शाई होप ने 10 बॉल पर 19 और कप्तान ऋषभ पंत ने नाबाद 16 रन बनाए। संदीप को दो विकेट मिले।

अहमदाबाद में दिल्ली ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात टाइटंस 17.3 ओवर में 89 रन पर ऑलआउट हो गई। टाइटंस ने लीग में अपना सबसे छोटा स्कोर बनाया। इससे पहले पिछले साल टीम दिल्ली के ही खिलाफ 125 रन बनाकर सिमट गई थी।

मुकेश कुमार ने 3 विकेट लिए, ईशांत शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स को 2-2 विकेट मिले। अक्षर पटेल और खलील अहमद को 1-1 विकेट मिला, वहीं एक बैटर रनआउट भी हुआ। गुजरात से राशिद खान ने 31 रन बनाए, बाकी कोई बैटर 15 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सका। साई सुदर्शन ने 12 और राहुल तेवतिया ने 10 रन बनाए।

इस जीत के बाद दिल्ली की टीम पॉइंट्स टेबल में नौवें से छठे नंबर पर आ गई है। ऋषभ पंत की टीम को तीन स्थान का फायदा हुआ है। दिल्ली के पास कुल 7 में से 3 मैच जीतकर 6 अंक हासिल किए हैं। टीम को 4 मैचों में हार झेलनी पड़ी है। दूसरी ओर, गुजरात टेबल के 7वें नंबर पर आ गई है। गुजरात ने भी 7 में से 3 मैच जीते हैं, जबकि चार मैच में हार का सामना करना पड़ा है।

दिल्ली ने 90 रन का टारगेट 8.5 ओवर में चेज कर लिया है। नूर अहमद के ओवर की 5वीं बॉल पर सुमित कुमार ने चौका जमाते हुए टीम को जीत दिलाई। वे 9 रन पर नाबाद रहे, जबकि कप्तान ऋषभ पंत नॉटआउट 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

जवाबी पारी में दिल्ली ने मिलीजुली शुरुआत की। टीम ने पावरप्ले के 6 ओवर में 67 रन बनाने में 4 विकेट गंवा दिए। पृथ्वी शॉ 7, जैक फ्रेजर-मैगर्क 20, अभिषेक पोरेल 15 और शाई होप 19 रन बनाकर आउट हुए। 5वें ओवर की आखिरी बॉल पर दिल्ली ने तीसरा विकेट गंवाया। संदीप वॉरियर ने ओवर की आखिरी बॉल पर अभिषेक पोरेल को बोल्ड कर दिया।



# अब से हर अभ्यास सत्र अहम : ओलंपिक के 100 दिनों की उलटी गिनती पर हमनप्रीत ने कहा

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक के लिए 100 दिन बचे हैं और ऐसे में हर दिन, हर अभ्यास और प्रशिक्षण सत्र का इस्तेमाल इसकी तैयारियों को बेहतर करने के लिए किया जायेगा। तोक्यो ओलंपिक का कांस्य पदक विजेता भारत मौजूदा विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर है। यह कान की मशीन कम सुनाई देने वालों के लिए वरदान साबित हो रही है ।

हरमनप्रीत ने कहा कि वे पेरिस में अपने तोक्यो परिणाम में सुधार करना चाहते हैं। इस स्टार ड्रैग-फ्लिकर की टिप्पणी ऑस्ट्रेलिया के हालिया दौरे में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद आई, जहां मेजबान टीम ने उन्हें 0-5 से हराया था। हरमनप्रीत ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति में कहा, ''हम अभी ऑस्ट्रेलिया के मुश्किल दौरे से लौटे हैं। एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। पेरिस ओलंपिक में केवल 100 दिन बचे हैं और टीम में उत्साह बढ़ रहा है।''

## पॉवेल ने नरेन से रिटायरमेंट वापस लेने की रिक्वेस्ट की

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को कोलकाता नाइटराइडर्स के ओपनर सुनील नरेन ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में 56 गेंदों पर 109 रन बनाए। मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स से खेल रहे वेस्टइंडीज के कप्तान रोमैन पॉवेल ने कहा कि हम सुनील नरेन से रिटायरमेंट वापस लेने का अनुरोध कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम चुने जाने से पहले उनका मन बदल जाएगा। टी-20 वर्ल्ड कप 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका में हो रहा है। सुनील नरेन ने पिछले साल इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं 1 मई तक वर्ल्ड कप के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को वर्ल्ड कप संभावितों की सूची भेजनी है। पॉवेल ने ब्रॉडकास्टर्स के साथ बातचीत में कहा, पिछले 12 महीनों से मैं सुनील से वेस्टइंडीज टी-20 टीम में वापसी का अनुरोध कर रहा हूं। उन्होंने सभी से दूरी बना रखी है। मैंने उनके सबसे अच्छे दोस्तों किरोन पोलार्ड, ड्वेन ब्रावो, निकोलस पूरन से कहा है कि वह नरेन को रिटायरमेंट वापस लेने के लिए मनाएं। मुझे उम्मीद है कि टी-20 वर्ल्ड कप से पहले उन्हें राजी कर लेंगे। पॉवेल ने कहा, राजस्थान रॉयल्स टीम को लेकर कि खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं और यह लंबे समय तक जारी रहेगा। मैं वेस्टइंडीज के लिए नंबर 4 या 5 पर बल्लेबाजी करता हूं और अगर आपको लगता है कि वेस्टइंडीज एक अच्छी टी-20 टीम है तो आप मुझे ऊपर भेज सकते हैं। मैं टीम मैनेजमेंट भी इस पर बात करता रहूंगा। ऑलराउंडर सुनील नरेन में बल्ले और बैट दोनों से कमाल कर रहे हैं। गौतम गंभीर के के क्रिकेट डायरेक्टर बनाए जाने के बाद से सुनील नरेन इस सीजन में ओपनिंग कर रहे हैं। वह कोलकाता के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने 6 मैचों में 187.75 की स्ट्राइक रेट से 276 रन बनाए हैं। इसमें एक हाफ सेंचुरी और एक सेंचुरी शामिल है। वहीं 6 मैचों में 6.88 की इकोनॉमी रेट से गेंदबाजी करते हुए उन्होंने 7 विकेट भी लिए हैं।

## बिहारी बाबू मुकेश ने उतारी ऋद्धिमान साहा की गर्मी

अहमदाबाद, 17 अप्रेल। गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 32वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत जोरदार हुई। मैच में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। कप्तान पंत के इस फैसले को ईशांत शर्मा और मुकेश कुमार ने बिल्कुल सही साबित करते हुए टीम को शुरुआती सफलता दिलाने में सफल रहे। खास तौर से मुकेश कुमार ने जिस तरह से वापसी करते हुए ऋद्धिमान साहा को आउट किया वह कमाल का था। दरअसल पारी का चौथा ओवर करने आए मुकेश अपनी लय में नहीं दिख रहे थे। विकेट लेने से पहले उन्होंने नो बॉल भी डाला था, जिससे मुकेश दवाब में दिख रहे थे।

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने दिया मयंक यादव की वापसी को लेकर अपडेट

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। जल्द ही आईपीएल में मयंक यादव वापसी कर सकते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स का ये तेज गेंदबाज चोट के चलते दो मैच नहीं खेल पाया और दोनों मैचों में लखनऊ सुपर जायंट्स को हार का सामना करना पड़ा। मयंक यादव ने अभी तक लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए इस सीजन में कुल तीन मैच खेले हैं। जिसमें से दो बार तो वह मैन ऑफ द मैच भी रहे।मयंक द्वारा खेले गए तीनों मैचों में लखनऊ सुपर जायंट्स ने जीत दर्ज की, जबकि जिन तीन मैचों में वह नही खेले, उन सभी में लखनऊ सुपर जायंट्स इस सीजन में हारा है। मयंक यादव की इंजरी पर बड़ा अपडेट दिया है। उनका ये नया वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। इस वीडियो में मयंक नेट्स पर गेंदबाजी करते हुए दिख रहे हैं, साथ ही इसके कैप्शन में लिखा, फिर से उड़ चला।

# सौ दिन बाद पेरिस ओलंपिक में भारत करेगा न्यूजीलैंड खिलाफ अभियान की शुरुआत

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। सौ दिन बाद पेरिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम स्वर्ण पदक की उम्मीद के साथ 27 जुलाई को न्यूजीलैंड खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस बार पेरिस ओलंपिक हॉकी के पूल ए में जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, दक्षिण अफ्रीका और मेजबान फ्रांस है। वही पूल बी में भारत को मौजूदा ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, और आयरलैंड की चुनौती का सामना करना है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी। उसके बाद 29 जुलाई को अर्जेंटीना और फिर 30 जुलाई आयरलैंड और एक अगस्त बेल्जियम से भिड़ेगी। भारतीय टीम अपना आखिरी ग्रुप स्टेज गेम दो अगस्त को शक्तिशाली आस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेंगी। ओलंपिक की उलटी गिनती के साथ ही भारतीय टीम के मुख्य क्रेग फुल्टन, हम अभी ऑस्ट्रेलिया के गहन दौरे से लौटे हैं, एक छोटे से ब्रेक के बाद हम फिर से मैदान में उतरेंगे। स्वर्ण पदक जीतने के हमारे साझा लक्ष्य से प्रेरित होकर हमारी टीम की एकजुटता के साथ बढ़ रही है।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि हर दिन मायने रखता है, हर अभ्यास, हर अभ्यास – यह सब ओलंपिक मंच पर उस पल की ओर बढ़ रहा है। कुल मिलाकर, हम भूखे हैं, हम केंद्रित हैं और हम चमकने के लिए तैयार हैं। उप-कप्तान हार्दिक सिंह ने भी कहा, ऑस्ट्रेलिया परीक्षण ने उन क्षेत्रों पर प्रकाश डाला है जिनमें हमें सुधार करने की आवश्यकता है और शिविर में लौटने पर हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हम पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए समय रहते किसी भी शेष मुद्दे को सुलझा लें। हम यह सुनिश्चित करने के लिए शेष 100 दिनों में से प्रत्येक में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे कि ओलंपिक में स्वर्ण पदक के लिए हमारी खोज सफल हो।

## केकेआर को लगा दोहरा झटका, कप्तान श्रेयस अय्यर पर लगा 12 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। कोलकाता नाइट राइडर्स को दोहरा झटका लगा है। पहले तो केकेआर टीम को मंगलवार को रॉयल्स के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। इसके बाद मैच में धीमी ओवर गति बनाए रखने के कारण कप्तान श्रेयस अय्यर पर ने 12 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है।

## जोस बटलर ने किया बड़ा खुलासा



नई दिल्ली, 17 अप्रेल। मंगलवार को जोस बटलर ने सुनील नरेन की शतकीय पारी पर पानी फेरते हुए राजस्थान रॉयल्स को रिकॉर्ड जीत दिलाई। केकेआर के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल इतिहास के संयुक्त रूप से सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा किया। 224 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की टीम एक समय 6 विकेट खोकर 121 का स्कोर बनाकर संघर्ष कर रही थी। हालांकि, बटलर ने हिम्मत दिखाते हुए अंत तक बल्लेबाजी की और केकेआर के ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स पर अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई। राजस्थान रॉयल्स ने अपने ही चार साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की है। 2020 में किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ शारजाह में राजस्थान रॉयल्स ने 224 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक हासिल किया था। बटलर ने मौजूदा सीजन में अपना दूसरा शतक जड़ा है। इस दौरान बटलर क्रैम्प्स के कारण मैदान पर संघर्ष कर रहे थे। हालांकि, वह क्रीज पर डटे रहे और आईपीएल में सबसे ज्यादा शतक जमाने के मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़कर दूसरे स्थआन पर पहुंचे। बटलर ने उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। बटलर ने अवॉर्ड लेने के बाद कहा कि, खुद पर विश्वास रखना जरूरी था और यही इस मैच की प्रमुख बात रही।



# पैरा तीरंदाज शीतल ने खेलो इंडिया राष्ट्रीय मीट में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। एशियाई पैरा खेलों की गोल्ड विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता।

वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं। इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) की प्रेस विज्ञप्ति में शीतल के हवाले से कहा गया, ''इस नतीजे से मुझे अंतरराष्ट्रीय मंचों और ओलंपिक में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी।''

### शियाई कैनो स्प्रिंट ओलंपिक क्वालीफायर

## ओलंपिक कोटा के लिए भारतीय क्याकर्स और कैनोयर्स करेंगे पैडलिंग

टोक्यो, 17 अप्रेल। भारतीय नौकाएँ (कयाकर्स) और नौका चालक(कैनोयर्स) छह अलग-अलग स्पर्धाओं में ओलंपिक कोटा सुरक्षित करने जापान के सी फॉरेस्ट वॉटरवे पर होने वाली एशियाई कैनो स्प्रिंट ओलंपिक क्वालीफायर में गुरुवार को स्पर्धा करेंगे। इस स्पर्धा में भारत 13 एथलीटों को मैदान में उतारेगा। हालाँकि, उनमें से 10 ओलंपिक कोटा के लिए दावेदार होंगे क्योंकि शेष तीन गैर-ओलंपिक श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उन्हें केवल पदक मिलेगा। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता अर्जुन सिंह/सुनील सिंह सलाम टोक्यो में पदक और पेरिस 2024 कोटा के लिए भारत दल की अगुवाई करेंगे। वरिंदर सिंह (पुरुष के1 1000 मीटर), रिम्सन मैरेम्बम/हर्षवर्धन सिंह शक्तावत (पुरुष के2 500 मीटर), ज्ञानेश्वर सिंह फिलम (पुरुष सी1 1000 मीटर), पार्वती गीता/सोनिया देवी फिरेम्बम (महिला के2 500 मीटर) और नेहा देवी लीचोनबाम/कावेरी (महिला सी2 500 मीटर) भारतीय दल के अन्य कोटा प्रतियोगी हैं।



## ट्वंटी-20 आईपीएल 2024 में रोहित-विराट कर सकते हैं ओपनिंग

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। टी20 आईपीएल के दो सबसे सफल खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा का आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 आखिरी हो सकता है। भले ही रोहित शर्मा सलामी बल्लेबाज हैं, फिर भी इस बात पर काफी चर्चा हुई है कि विराट कोहली को कहां बल्लेबाजी करनी चाहिए। आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद इसमें कोई शक नहीं कि कोहली ने नंबर 3 पर अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम को संयोजन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिसके बाद सवाल उठ रहा है कि, क्या विराट कोहली को फिर से रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करनी चाहिए? दैनिक जागरण के अनुसार आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली ओपनिंग कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक कुछ समय पहले विराट ने टीम प्रबंधन से उनके टी20 वर्ल्ड कप में खेलने पर स्पष्टता मांगी थी। जानकारी के अनुसार टीम प्रबंधन ने उन्हें इस पर स्पष्टता दे भी दी है। यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड़ को भी टी20 में मौके मिले हैं, जहां उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की है। अगर हम बड़े इवेंट में नए खिलाड़ियों को मौके नहीं देंगे तो फिर वो तैयार कैसे होंगे। लेकिन अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में रोहित और कोहली का चयन करके चयनकर्ताओं ने साफ कर दिया कि वे किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते हैं।

# अंपायर से हुई गलती या ऋषभ पंत ने की चीटिंग

## शाहरुख खान के स्टंपिंग पर अब तो बवाल होगा

अहमदाबाद, 17 अप्रेल। गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों ने कोहराम मचा दिया। गेंदबाजों के साथ टीम के कप्तान और विकेटकीपर ऋषभ पंत ने भी कमाल का खेल दिखाया। उन्होंने मैच में गुजरात के दो खिलाड़ियों को स्टंप किया। हालांकि, इसके साथ ही एक विवाद भी उठ खड़ा हुआ। दरअसल ट्रिस्टन स्टब्स की गेंद पर शाहरुख खान ने स्वीप शॉट लगाने का प्रयास किया था, लेकिन वह पूरी तरह से मिस हट कर गए। ऋषभ पंत विकेट के पीछे पूरी तरह से मुस्तैद थे, गेंद जैसे ही शाहरुख खान से छूटी पंत ने पलक झपकते ही विकेट की बत्ती को चला दिया, लेकिन वीडियो रिप्ले में ऐसा लग रहा था, पंत स्टंपिंग के दौरान गेंद को सही से कलेक्ट नहीं कर पाए थे और वह उनसे छिटक गई थी। मामला काफी पेचीदा हो गया था। ऐसे में थर्ड अंपायर को अलग-अलग एंगल से गेंद को देखकर शाहरुख खान को आउट करार दे दिया। ऐसे में सवाल यह यह उठता है कि क्या ऋषभ पंत ने स्टंपिंग के दौरान चीटिंग की थी, हालांकि वीडियो रिप्ले से यह पता चला कि जब तक गेंद उनके हाथ से छिटकी थी जब तक उन्होंने विकेट को ग्लव्स से लगा दिया था। ऐसे में कुछ माइक्रो सेकेंड के अंतराल में ऋषभ स्टंपिंग करने में सफल हो गए। ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता है कि ऋषभ पंत ने किसी तरह से चीटिंग की या फिर अंपायर के कोई भूल हुई।

## टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में नये चेहरों की संभावना नहीं

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। अमेरिका में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए इस महीने के अंत तक जब भारतीय टीम को अंतिम रूप दिया जायेगा तो इसमें आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले किसी नये खिलाड़ी को चुने जाने की संभावना नहीं है लेकिन कुछ परखे हुए क्रिकेटरों को निराशा का सामना करना पड़ सकता है। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने अस्थायी 15 सदस्यीय टीम घोषित करने के लिए एक मई की तारीख तय की है जिससे अजीत अगरकर और उनके साथियों को टीम के प्रत्येक सदस्य के फिट होने की स्थिति में कुछ स्पष्ट विकल्प चुनने होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''इसके लिए कोई प्रयोग या फिर मैदान के प्रदर्शन से चयन नहीं होगा। भारत के लिए जो खिलाड़ी खेलते हैं और जिन्होंने टी20 अंतराष्ट्रीय तथा आईपीएल में निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है।

# आईपीएल में खेलने से कुछ भी सीखने को नहीं मिलने वाला है

## बांग्लादेश क्रिकेट बोड़ के जलाल का आजीबोगरीब बयान

नई दिल्ली, 17 अप्रेल। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस ने मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से वापस बुलाने के निर्णय को सही ठहराया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने आईपीएल और चेन्नई सुपर किंग्स को सूचना दी है कि वह रहमान को अपने देश के लिए खेलने के लिए अनुमति दे। 2 मई से बांग्लादेश की टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज खेलने वाली है।

ये निर्णय चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के लिए काफी धक्का देने वाली है। क्योंकि वह टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने पांच मैच में 10 विकेट लिए हैं। यूनुस ने कहा है कि आईपीएल के पास बांग्लादेश के तेज गेंदबाज को देने के लिए और कुछ नहीं है।

मुस्तफिजुर रहमान को 1 मई तक बांग्लादेश लौटना था लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स ने बोर्ड से उन्हें एक और मैच खेलने के लिए मना लिया है। जिसका मतलब है कि रहमान अब 2 मई को स्वदेश लौटेंगे और उससे पहले वह पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में खेलते हुए नजर आएंगे। यूनुस ने बताया कि बीसीबी ने अनुभवी तेज गेंदबाज को इस बुलाया है कि क्योंकि बोर्ड को उनकी फिटनेस की चिंता है। वह टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की टीम के एक अहम सदस्य होंगे। जलाल यूनुस ने बांग्लादेश के दैनिक द डेली स्टार के हवाले से कहा, ''आईपीएल में खेलने से मुस्तफिजुर को कुछ भी सीखने को नहीं मिलने वाला है। मुस्तफिजुर की सीखने की प्रक्रिया खत्म हो गई है। बल्कि आईपीएल में कई खिलाड़ी उनसे सीख सकते हैं। बांग्लादेश को इससे कोई फायदा नहीं होगा।''

# 'खैरथल का विकास गुड़गांव की तर्ज पर होगा, यह मोदी, भूपेन्द्र और भजनलाल की गारंटी है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने खैरथल में अलवर के भाजपा प्रत्याशी, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के समर्थन में आयोजित सभा में कहा

किशनगढ़ बास/खैरथल, 17 अप्रेल (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अलवर से भाजपा प्रत्याशी और भारत सरकार में मंत्री भूपेंद्र यादव के समर्थन में खैरथल में पुरानी अनाज मंडी परिसर में सभा को संबोधित किया।

इससे पहले प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने टपूकड़ा, से खैरथल तक 50 किलोमीटर लम्बा रोड शो किया। सिंधी समाज के लोगों ने उन्हें राम मंदिर के रूप में स्मृति चिन्ह प्रदान किया। रोड शो के दौरान जगह जगह आतिशबाजी भी की गई।

खैरथल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुरानी अनाज मंडी परिसर में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अलवर खैरथल के लोग सौभाग्यशाली हैं जिन्हें भूपेंद्र यादव मिले हैं। राजस्थान की सरकार तो विकास करेगी लेकिन

- भूपेन्द्र यादव ने प्रचार के अंतिम दिन टपूकड़ा से खैरथल तक 50 किलोमीटर लम्बा रोड शो किया। उसके बाद खैरथल में जनसभा की।
- मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि, कांग्रेस चुनाव के बाद घोषणा पत्र भूल जाती है, जबकि हमने जनता से किए वायदे पूरे किए हैं।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में मतदान के पहले चरण के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भूपेन्द्र यादव के समर्थन में टपूकड़ा से खैरथल तक 50 किलोमीटर लम्बा रोड शो किया। इस मौके पर महंत बालक नाथ और विधायक रामहेत यादव भी मौजूद थे। रोड शो के दौरान जगह-जगह आतिशबाजी और पुष्प वर्षा की गई।*

टपूकड़ा और तिजारा में महंत बालक नाथ योगी और किशनगढ़ बास में पूर्व विधायक रामहेत यादव भूपेन्द्र यादव के साथ रोड शो में नज़र आए।

50 किलोमीटर के लम्बे रोड शो में कई वाहनों व कई लोगों ने शिरकत की और मोदी व भाजपा के पक्ष में भारी नारेबाजी हुई।

किशनगढ़ बास में रोड शो के दौरान भूपेंद्र यादव संत कंवर राम सिंधी हरि मंदिर पर रुके वहां उन्होंने रथ से उतरकर मत्था टेका व संत कंवर राम का आशीर्वाद लिया। इस दौरान व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी व विकास में भूपेंद्र यादव की बहुत बड़ी भागीदारी रहेगी। खैरथल जिले के लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है, खैरथल का गुड़गांव की तर्ज पर विकास होगा। यह मोदी भूपेंद्र और भजनलाल की गारंटी है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर कहा कांग्रेस के लोग घोषणा पत्र को चुनाव के बाद भूल जाते हैं। मोदी ने 2014 और 2019 के संकल्प पत्र में जो कहा उसे पूरा किया और राजस्थान की सरकार ने 3 महीने में संकल्प पत्र के 45 वायदे पूरे किए हैं।

भजनलाल ने कहा, पंचायत से पार्लियामेंट तक कांग्रेस साफ हो चुकी है। कांग्रेस की स्थिति ऐसी बनी है, कि हार से बचने के लिए हर किसी से समझौता करने में लगी है। मुख्यमंत्री ने राम मंदिर का भी जिक्र किया व कहा, हम जब कहते थे की मंदिर वहीं बनाएंगे तो कांगेस के लोग कहते थे कि तारीख नहीं बताएंगे। हमने रामलला को भव्य मंदिर में विराजमान किया और तारीख बताते हुए निमंत्रण भी दिया।

इस मौके पर प्रत्याशी भूपेंद्र यादव ने चुनाव प्रचार के दौरान गांवों व शहरों में मिले जनता के प्यार और आशीर्वाद के प्रति आभार जताया और कहा कांग्रेस वालों ने अलवर में बहुत झूठ बोला है।

सभा को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद जगदंबिका पाल, हरियाणा के राव नरवीर सिंह, अलवर प्रभारी व जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। इस दौरान भाजपा नेता जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, जिला चुनाव संयोजक संजय नरूका, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, उम्मेद भाया आदि उपस्थित रहे।

## पहले चरण के चुनाव का प्रचार बंद

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 अप्रैल। लोकसभा की 543 सीटों में से 102 सीटों पर प्रचार बुधवार को बंद हो गया, इन सीटों पर लोकसभा चुनावों के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। प्रथम चरण के तहत मतदान वाले प्रमुख राज्य आसाम, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडू व उत्तराखंड हैं।

ऐसे प्रदेश जिनमें प्रथम चरण में ही लोकसभा चुनाव समाप्त हो जाएंगे, वे हैं- तमिलनाडू (39 सीटें), उत्तराखंड (5), अरूणाचल प्रदेश (2), मणिपुर (2), मेघालय (2), मिज़ोरम (1), नागालैण्ड (1 सीट), और सिक्किम (1सीट)। प्रथम चरण में लक्षद्वीप, पुडूचेरी एवं अंडमान व निकोबार द्वीप समूह में भी मतदान पूर्ण हो जाएगा।

- आम चुनाव के पहले चरण में 19 अप्रैल को 102 सीटों पर मतदान होगा।

उत्तर प्रदेश, जिसकी लोकसभा में 80 सीटें हैं इस मामले में सबसे बड़ा राज्य है। प्रथम चरण में मतदान वाले इसके निर्वाचन क्षेत्र सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर व पीलीभीत हैं।

बंगाल में लोकसभा की 42 सीटें हैं इनमें से प्रथम चरण में मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र-कूचबिहार, अलीपुरद्वार व जलपाईगुड़ी हैं।

महाराष्ट्र में लोकसभा की 48 सीटों में से 5 सीटों पर प्रथम चरण में 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। ये सीटें हैं- रामटेक, नागपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली-चिमुर एवं चन्द्रपुर।

तमिलनाडू की सभी 39 सीटों व उत्तराखंड की सभी 5 सीटों पर प्रथम चरण में वोट डाले जाएंगे। लोकसभा चुनावों की सभी सीटों की वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी।

## नियम विरूद्ध अंग प्रत्यारोपण और फर्ज़ी एन.ओ.सी. के मामले में एफ.आई.आर.

### मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण प्राधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने जवाहर सर्किल थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई

जयपुर, 17 अप्रेल। मानव अंगों के नियम विरूद्ध प्रत्यारोपण, इसके लिए फर्जी एन.ओ.सी. जारी किए जाने तथा अंग प्रत्यारोपण में अंतरराष्ट्रीय रैकेट सक्रिय होने की जानकारी सामने आने पर मानव अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण के समुचित प्राधिकारी की ओर से जवाहर सर्किल थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई गई है।

उल्लेखनीय है कि, मानव अंग प्रत्यारोपण के लिए रिश्वत लेकर फर्जी एन.ओ.सी. जारी करने की सूचना मिलने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने स्वप्रेरित संज्ञान लिया था। उन्होंने एक उच्च स्तरीय बैठक लेकर इस प्रकरण में त्वरित जांच एवं कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। विभाग की इस पहल के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने प्रकरण में शामिल, एस.एम.एस. एवं ई.एच.सी.सी. और फोर्टि्स अस्पताल के कार्मिकों को गिरफ्तार किया था।

समुचित प्राधिकारी डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि, चिकित्सा शिक्षा विभाग की इस पहल के बाद समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों से सामने आया कि जयपुर के फोर्टि्स अस्पताल में लोगों को लाया जाता था और उनकी किडनी निकालकर उन्हें गुरूग्राम भेज दिया जाता। इस मामले में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का रैकेट सक्रिय बताया गया। मालवीय नगर सहायक पुलिस आयुक्त आदित्य पूनिया ने इस संबंध में गुरूग्राम जाकर जांच की।

जांच में पाया गया कि, बांग्लादेश के कुछ निवासियों ने जयपुर के फोर्टि्स अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट करवाया। जांच के अनुसार, किडनी डोनर एवं किडनी रिसीवर आपस में रिश्तेदार या ब्लड रिलेशन में नहीं थे, न ही एक दूसरे को जानते थे, उनके बयानों के अनुसार, फोर्टि्स अस्पताल प्रशासन, ऑथराइज़ेशन कमेटी या किसी अन्य चिकित्सक द्वारा उन्हें किसी तरह की एन.ओ.सी. पेश करने के लिए भी नहीं कहा गया, न ही किडनी डोनर एवं रिसीवर के बीच ब्लड रिलेशन प्रमाणित करने के कागजात मांगे गए। उनसे कुछ खाली कागजों पर हस्ताक्षर करवाए गए तथा फर्जी एन.ओ.सी. बनाने के लिए पैसे भी लिए गए। जांच के अनुसार, इस प्रकरण में शामिल दलाल मुर्तजा अंसारी, फोर्टि्स अस्पताल प्रशासन तथा डॉक्टरों ने मिलकर किडनी रिसीवर एवं किडनी डोनर के साथ धोखाधड़ी कर पैसे हड़पे हैं।

- जांच में सामने आया कि, बांग्लादेश के कुछ निवासियों द्वारा जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में किडनी ट्रांसप्लांट करवाया गया और किडनी डोनर व रिसीवर आपस में रिश्तेदार या ब्लड रिलेशन में भी नहीं थे।
- फोर्टिस अस्पताल प्रशासन, ऑथराइजेशन कमेटी या किसी अन्य चिकित्सक द्वारा उन्हें किसी तरह की एन.ओ.सी. पेश करने के लिए भी नहीं कहा गया था।

चिकित्सा शिक्षा विभाग के स्वप्रेरित संज्ञान के बाद समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों एवं पुलिस जांच में सामने आए तथ्यों के दृष्टिगत मामले में प्रभावी जांच के लिए बुधवार को समुचित प्राधिकारी ने जवाहर सर्किल थाने में एफ.आई.आर. दर्ज करवाई है।

गौरतलब है कि, इससे पहले फर्जी मेडिकल जांचों एवं दस्तावेजों के आधार पर सिलिकोसिस नीति के तहत नियम विरूद्ध लाभ लेने के मामले में भी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने स्वप्रेरित संज्ञान लेकर प्रकरण को उजागर किया था तथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की थी।

## भाजपा के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मतदान से कुछ ही समय पूर्व भाजपा को परेशान कर रहा है। समृद्ध एवं ज़मीनों पश्र काबिज यह समुदाय भाजपा के सिद्धान्तों को मानने वाला और उसका निष्ठावान वोटर माना जाता रहा है। राजपूतों ने गत 7 अप्रेल को सहारनपुर में एक क्षत्रिय स्वाभिमान महाकुंभ का आयोजन कर अपनी शक्ति का भारी प्रदर्शन किया था। उसके बाद इस समुदाय की कई छोटी सभाएं और पंचायतें हुईं, जिनमें संकल्प लिया गया कि राजपूत उस प्रत्याशी को वोट देंगे, जो भाजपा को हराने में समर्थ होगा। विपक्ष के नेताओं ने शुरुआत में तो यही समझा कि राजपूतों का विरोध प्रदर्शन भाजपा ने ही ऐसे समुदायों का स्वयं के प्रति ध्रुवीकरण करवाने के लिए कराया, जिनका संख्याबल राजपूतों से अधिक है, तथापि, वास्तविक स्थिति के हिसाब से राजपूतों में राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर असंतोष बढ़ता जा रहा है, क्योंकि भाजपा जाट व गुर्जर जैसे अन्य समृद्ध भू-स्वामी समुदायों पर ज्यादा फोकस कर रही है। ये समुदाय उत्तर प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग में आते हैं।

## दो बार लगातार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हैं। वैभव पिछली बार लोकसभा चुनाव में जोधपुर से गजेन्द्र सिंह शेखावत से हार गए थे। इस बार गहलोत ने बेटे को जिताने में पूरी ताकत लगा दी है। उनके पास अन्य सीटों के लिए जरा भी वक्त नहीं है। वैभव "नॉन पॉलिटिकल" माने जाते हैं और उनकी स्थिति अच्छी नहीं है। सिर्फ गहलोत ने अपने प्रयासों से वैभव के प्रचार अभियान को जिंदा रखा हुआ है। कांग्रेस के लिए इस बार जीतना बहुत जरूरी है, वे राजस्थान लोकसभा चुनावों में हार की हैट्रिक नहीं बनाना चाहते हैं। राजस्थान भाजपा में आतंरिक असंतोष भी एक कारण है जो कांग्रेस को फायदा दे सकता है।

## गुलाम नबी आज़ाद ने लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया

श्रीनगर, 17 अप्रेल। दिग्गज राजनेता गुलाम नबी आजाद ने इस बार लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। उनकी पार्टी डीपीएपी (डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी) ने अनंतनाग-राजौरी सीट से उन्हें उम्मीदवार बनाया था। मगर अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को अनंतनाग में एक बैठक में यह घोषणा की। 2 अप्रैल को पूर्व केंद्रीय मंत्री आजाद को अनंतनाग-राजौरी सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकित किया गया था।

इससे पहले आजाद की पार्टी के प्रवक्ता सलमान निजामी ने उनके चुनाव लड़ने को लेकर एक्स पर पोस्ट किया था। इस पोस्ट में निजामी ने लिखा, "डीपीएपी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद साहब अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे।

## 19 अप्रैल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

में से 8 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदाता अपना वोट डालेंगे। ये सीटें अधिकतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हैं इनके नाम सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, एवं पीलीभीत हैं।






सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908